इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 190 | राजनांदगांव, शुक्रवार 29 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा, गवर्नर की गैरमौजूदगी में सचिव को सौंपा त्यागपत्र

नई दिल्ली। कर्नाटक की राजनीति में पिछले कई हफ्तों से जारी भारी सियासी सस्पेंस और ड्रामे का आखिरकार पटाक्षेप हो गया है। मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण भूमि आवंटन घोटाले में चौतरफा घिरे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार सुबह अपने आवास पर कैबिनेट मंत्रियों के साथ की गई ब्रेकफास्ट मीटिंग के बाद वे सीधे राजभवन पहुंचे।

चूंकि राज्यपाल थावरचंद गहलोत एक पारिवारिक इमरजेंसी के चलते सुबह ही दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे, इसलिए सिद्धारमैया ने संवैधानिक प्रावधानों के तहत राज्यपाल के मुख्य सचिव को अपना आधिकारिक त्यागपत्र सौंप दिया।

### आलाकमान ने जो कहा वो मैंने किया - इस्तीफे के बाद बोले सिद्धारमैया

अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया से मुखातिब हुए सिद्धारमैया बेहद गंभीर और भावुक नजर आए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, पार्टी आलाकमान ने मुझसे जो भी कहा, मैंने उसका अक्षरशः पालन किया है। मैं संगठन के हितों और सरकार की छवि को किसी भी कानूनी विवाद की वजह से नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, सिद्धारमैया ने राजभवन जाने से पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से फोन पर लंबी बातचीत की थी, जिसके बाद ही इस इस्तीफे पर अंतिम मुहर लगी। राज्यपाल कार्यालय ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए उन्हें नई वैकल्पिक व्यवस्था होने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में पद संभालने का अनुरोध किया है।



### डीके शिवकुमार का मुख्यमंत्री बनना लगभग तय

सिद्धारमैया के आधिकारिक इस्तीफे के साथ ही कर्नाटक में नए मुख्यमंत्री की ताजपोशी को लेकर सरगर्मियां सातवें आसमान पर पहुंच गई हैं। साल 2023 में सरकार गठन के समय तय हुए पावर शेयरिंग फॉर्मूले के तहत उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का अगला मुख्यमंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है। बेंगलुरु में डीके शिवकुमार के समर्थकों ने जश्न मनाना भी शुरू कर दिया है।

नए नेता के नाम पर औपचारिक मुहर लगाने और प्रस्ताव पास करने के लिए आज शाम को बेंगलुरु के एक निजी होटल में कांग्रेस विधायक दल की एक बेहद महत्वपूर्ण आपातकालीन बैठक बुलाई गई है, जिसमें केंद्रीय पर्यवेक्षक भी शामिल होंगे।

### राज्यसभा के रास्ते दिल्ली शिफ्ट होंगे सिद्धारमैया, संगठन में मिलेगी बड़ी भूमिका

कांग्रेस आलाकमान ने सिद्धारमैया के राजनीतिक रसूख और क्षेत्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए एक विशेष एग्जिट प्लान तैयार किया है। इसके तहत आगामी 8 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव में सिद्धारमैया को कर्नाटक से संसद भेजने की पूरी तैयारी है। पार्टी उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में शामिल कर देश भर में पार्टी का सबसे बड़ा और सम्मानित ओबीसी चेहरा बनाकर पेश करेगी। हाईकमान चाहता है कि सिद्धारमैया राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर कांग्रेस की रणनीति को धार दें, जिससे साल 2029 के आगामी लोकसभा चुनावों के लिए विपक्ष के नैरेटिव को मजबूत किया जा सके।

## पहला कॉलम...

### कनाडा में गुजरात की छात्रा की हत्या: परिवार को 12 दिन बाद मिली जानकारी, लगाई न्याय की गुहार



अहमदाबाद। कनाडा के नियाग्रा क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां गुजरात के अहमदाबाद की एक छात्रा की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। यह इलाका अमेरिका की सीमा के पास है। मृतक छात्रा की पहचान आणंद जिले के बोरसद कस्बे की रहने वाली विधि कल्पेशभाई मेधा (22 वर्षीय) के रूप में हुई है। वह पिछले चार साल से उच्च शिक्षा के लिए कनाडा में रह रही थीं। पढ़ाई के साथ-साथ वह पार्टटाइम काम भी करती थी और वहां स्थायी निवास पाने की तैयारी कर रही थी। परिवार के अनुसार, विधि ने आखिरी बार अपने पिता से 14 मई को बात की थी। 15 मई को वह अपने घर से निकली, जिसके बाद वह लापता हो गई। बाद में उसका शव नियाग्रा क्षेत्र में मिला। इसके बाद कनाडाई अधिकारियों ने पुष्टि की कि उसकी चाकू मारकर हत्या की गई है। परिजनों को यह जानकारी घटना के लगभग 12 दिन बाद बुधवार को मिली। सूचना में देरी से परिवार का दुख और बढ़ गया है। रिश्तेदारों ने बताया कि उन्हें यह जानकारी नई दिल्ली के अधिकारियों के जरिये मिली। कनाडा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।

### चुनाव में हार के बाद टीएमसी में भगदड़! एक ही दिन में दो नेताओं सहित कई पार्षदों का पार्टी से इस्तीफा



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में चुनावी हार के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के भीतर बेचैनी खुलकर दिखाई देने लगी है। पार्टी के कई नेता और पार्षद लगातार इस्तीफे दे रहे हैं, वहीं कुछ नेता अब खुलकर नेतृत्व पर सवाल भी उठा रहे हैं। गुरुवार को पार्टी को उस समय एक और बड़ा झटका लगा, जब पूर्व राज्यसभा सांसद और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता शांतनु सेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही पार्षद और पार्टी प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने भी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। बंगाल में कई पार्षदों ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। अरूप चक्रवर्ती के अलावा भवानीपुर इलाके से पार्षद देबोलीना बिस्वास ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। भवानीपुर को लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। इसके साथ ही मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बंगाल के कई इलाकों में कई पार्षदों ने पार्टी पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले भी एक साथ कई पार्षदों ने पार्टी का साथ छोड़ दिया था।

### चंद्रयान-2 ने भेजी बड़ी खुशखबरी: चंद्रमा की सतह के नीचे बर्फ मिलने के संकेत



नई दिल्ली। भारत के चंद्र मिशन चंद्रयान-2 ने चांद को लेकर एक बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक कामयाबी हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिले आंकड़ों के आधार पर वैज्ञानिकों को चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास बने कुछ बहुत गहरे गड्ढों (क्रेटरों) के नीचे पानी की बर्फ छिपी होने के पुख्ता सबूत मिले हैं। इस बड़ी खोज से आने वाले समय में इंसानी चंद्र मिशनों को बहुत मदद मिल सकती है। यह महत्वपूर्ण रिसर्च अहमदाबाद की फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों द्वारा की गई है। वैज्ञानिकों ने अपनी रिसर्च के लिए चांद के दक्षिणी ध्रुव पर स्थित उन खास गड्ढों को चुना जहां अरबों सालों से सूरज की रोशनी की एक किरण भी नहीं पहुंची है। विज्ञान की भाषा में इन हिस्सों को परमानेंटली शैडोड रीजन यानी हमेशा अंधेरे में रहने वाले क्षेत्र कहा जाता है। इन गड्ढों में सूरज की रोशनी न पड़ने के कारण यहां का तापमान माइनस 248 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। इतने भयंकर ठंडे तापमान की वजह से ही यहां सदियों से मौजूद बर्फ आज भी पूरी तरह सुरक्षित जमी हुई है इस ऐतिहासिक खोज को मुमकिन बनाने में चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर में लगे ड्यूल फ्रीक्वेंसी सिंथेटिक अपर्चर रडार ने सबसे अहम भूमिका निभाई। यह एक बेहद शक्तिशाली और खास रडार है जो न सिर्फ चांद की ऊपरी सतह बल्कि उसकी गहरी परतों के भीतर भी देखने और उनका अध्ययन करने की ताकत रखता है। वैज्ञानिकों ने इस रडार से मिलने वाले सिग्नलों का बारीकी से अध्ययन किया और चांद पर ऐसे चार मुख्य गड्ढों की पहचान की जहां सतह के नीचे भारी मात्रा में बर्फ मौजूद होने की सबसे ज्यादा उम्मीद है। इस पूरे शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने एक बिल्कुल नई और अनोखी तकनीक का इस्तेमाल किया। अक्सर अंतरिक्ष विज्ञान में यह पहचानना मुश्किल होता है कि रडार से आने वाले सिग्नल किसी सामान्य चट्टान से टकराकर आ रहे हैं या फिर वहां वाकई बर्फ मौजूद है। इस उलझन को दूर करने के लिए वैज्ञानिकों ने वृत्ताकार ध्रुवीकरण अनुपात और ध्रुवीकरण की डिग्री नाम के दो विशेष पैमानों का सहारा लिया।

## नवा रायपुर को मिलेगी नई रेलवे लाइन: जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू

रायपुर(दावा)। नवा रायपुर को नई रेलवे कनेक्टिविटी देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने नवा रायपुर-खरसिया-परमालकसा नई रेल लाइन परियोजना के लिए रायपुर जिले में आने वाली जमीनों की सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही जमीन लेने की शुरुआती प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।



रायगढ़-राजनांदगांव से कनेक्टिविटी होगी मजबूत; दावा आपत्ति के लिए 30 दिन का समय

रेलवे ने प्रभावित जमीन मालिकों को दावा और आपत्ति दर्ज कराने के लिए 30 दिन का समय दिया है। इस नई रेल लाइन के बनने से नवा रायपुर की रायगढ़, राजनांदगांव और दूसरे इंडस्ट्रियल एरिया से सीधी रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इससे माल ढुलाई आसान होगी और इंडस्ट्री को बड़ा फायदा मिलेगा।

### 154 हेक्टेयर में फैली है परियोजना

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मुदित भटनागर के मुताबिक, पूरी परियोजना करीब 154 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। पहले चरण में रायपुर जिले के अंदर करीब 12.95 हेक्टेयर जमीन ली जाएगी। रेलवे की ओर से जारी नोटिफिकेशन में मंदिर हसौद इलाके के धमनी, गुजरा, गनौद, रींवा, टेकारी, नारा, डिघारी और खौली समेत कई गांवों को शामिल किया गया है। इन गांवों के प्रभावित जमीन मालिकों से तय समय के भीतर दावा और आपत्ति देने को कहा गया है। इस रेल परियोजना को केंद्र सरकार ने भी प्राथमिकता वाली योजना में रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## खुद लौट जाएं, वरना होगी सख्त कार्रवाई : घुसपैठियों को अमित शाह की चेतावनी, ममता बनर्जी पर साधा निशाना



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में बढ़ती घुसपैठ को लेकर बड़ा बयान देते हुए ममता बनर्जी और टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला है। गुरुवार को अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में शाह ने कहा कि अब हालात बदल चुके हैं और जो लोग अवैध तरीके से भारत में घुसे थे, वे खुद ही वापस लौटने लगे हैं।

### पहचान अभियान शुरू होने से पहले लौट जाएं

अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भाजपा के नेतृत्व में घुसपैठ के खिलाफ सख्त माहौल बनाया गया है। उन्होंने दावा किया कि पहले राज्य में रोजाना घुसपैठ होती थी, लेकिन अब अवैध घुसपैठिए डरकर वापस जा रहे हैं। उन्होंने साफ चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग अवैध तरीके से देश में आए हैं, वे पहचान अभियान शुरू होने से पहले स्वेच्छा से लौट जाएं। ऐसा करने वालों पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी और सरकार उनकी वापसी में मदद भी करेगी।

### एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकालना सरकार का संकल्प

गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देशभर से अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर निकालने के लिए पूरी ताकत से काम कर रही है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर डेमोग्रैफिक बदलाव की जांच के लिए हाई-लेवल कमेटी बनाई गई है। शाह के मुताबिक यह कमेटी देश में हो रहे कृत्रिम जनसंख्या बदलाव, उसके कारणों और उससे निपटने के उपायों का अध्ययन करेगी। जरूरत पड़ने पर नए कानून की सिफारिश भी की जाएगी। कमेटी एक साल के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। अमित शाह ने बंगाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सिर्फ 7 दिनों के भीतर BSF को 600 हेक्टेयर जमीन सौंप दी है।

## न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार, जज कोई पवित्र गाय नहीं




मद्रास हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

नई दिल्ली। मद्रास हाई कोर्ट ने एक तमिल फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए न्यायपालिका और भ्रष्टाचार को लेकर बेहद बेबाक टिप्पणी की है। कोर्ट ने साफ कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार मौजूद है और जजों को ÷पवित्र गाय÷ की तरह नहीं माना जाना चाहिए। इस टिप्पणी के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी लक्ष्मीनारायणन की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह मानने से इनकार नहीं किया जा सकता कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है। कोर्ट ने कहा कि पहले भी भ्रष्ट जज रहे हैं और आज भी ऐसे मामले सामने आते हैं। हालांकि हाई कोर्ट की फुल कोर्ट समय-समय पर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करती है। कोर्ट ने यह भी माना कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार तब तक संभव नहीं जब तक बार के कुछ सदस्य इसमें सहयोग न करें। बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट लगातार सतर्क निगरानी रखता है ताकि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को चिन्हित कर उचित कार्रवाई की जा सके। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि न्याय व्यवस्था आलोचना से ऊपर नहीं है। अदालत ने कहा कि न्याय को जनता की जांच-परख और सम्मानजनक आलोचना का सामना करने की अनुमति होनी चाहिए। जजों को पवित्र गाय मानना सही नहीं है। दरअसल यह मामला एक तमिल फिल्म से जुड़ा था, जिसमें एक दृश्य में जज को रिश्वत लेते और नशीले पदार्थों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बलौदाबाजार हिंसा - भीड़ को उकसाकर 14 करोड़ का नुकसान कराया: अमित बघेल समेत 3 की जमानत खारिज



हाईकोर्ट बोला- ऐसे अपराध पर बेल नहीं

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस एनके व्यास ने बलौदाबाजार हिंसा केस पर सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने 7-8 हजार लोगों की भीड़ को भड़काकर 13 से 14 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। साथ ही पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला भी कराया गया। कोर्ट ने कहा कि समाज में शांति और कानून व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ने वाले ऐसे गंभीर अपराध में आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। इसी के साथ हाईकोर्ट ने बवाल, पथराव और कलेक्ट्रेट परिसर में आगजनी के मामले में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के संस्थापक अमित बघेल समेत 3 आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी है। बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में 10 जून 2024 को एक सामाजिक मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## त्विषा शर्मा की सास पूर्व जज गिरिबाला सिंह गिरफ्तार



सीबीआई ने लंबी पूछताछ के बाद की कार्रवाई

भोपाल। राजधानी भोपाल की हाईप्रोफाइल त्विषा शर्मा केस में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को भोपाल पुलिस ने सात घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार और बुधवार को लगातार कई घंटे तक सीबीआई ने पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी थी।

गुरुवार सुबह नई दिल्ली से सीबीआई की आधा दर्जन महिला पुलिसकर्मियों-अधिकारियों के भोपाल पहुंचने के बाद गिरफ्तारी की पटकथा लिखी गई। तकरीबन शाम 6 बजे सीबीआई की टीम गिरिबाला सिंह का मेडिकल कराने भोपाल एम्स ले जाने के लिए घर से निकली है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा एक दिन पहले गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द किए जाने के बाद की गई। त्विषा शर्मा की 12 मई को भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उनकी शादी 9 दिसंबर 2025 को समर्थ सिंह से हुई थी। गिरिबाला सिंह ने घटना के दो दिन बाद भोपाल जिला अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। 10वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने 15 मई को उनकी उम्र और मृतका को किए गए पैसों के ट्रांसफर का हवाला देते (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बीजेपी विधायक रामकुमार टोप्पो पर केस दर्ज; नायब तहसीलदार से मारपीट का आरोप



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में सीतापुर के भाजपा विधायक रामकुमार टोप्पो और उनके समर्थकों के खिलाफ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई राजापुर उप तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार मानिकपुरी की शिकायत के आधार पर की गई है. आरोप है कि राजपुर चौराहे पर विधायक और उनके समर्थकों ने उनके साथ कथित तौर पर मारपीट की. घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने जीरो में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं, जिससे मामला और विवादित हो गया है. प्रशासन ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है. कोतवाली पुलिस ने विधायक रामकुमार टोप्पो, यूसुफ, नाजिम राजा, पंकज गुप्ता सहित करीब 10 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 221, 221(1), 132 और 191(2) के तहत अपराध दर्ज किया है. शिकायत में नायब तहसीलदार तुषार मानिकपुरी ने आरोप लगाया है कि विधायक और उनके समर्थकों ने सार्वजनिक रूप से उनके साथ मारपीट की और सरकारी कार्य में बाधा डाली. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह विवाद 'शोधन क्षमता प्रमाण पत्र को लेकर शुरू हुआ. नायब तहसीलदार के अनुसार, विधायक के एक समर्थक ने इस प्रमाण पत्र को जारी करने के लिए संपर्क किया था. उन्होंने बताया कि बीमार होने के कारण दो दिन कार्यालय नहीं आने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान के बाद ओमान को ट्रम्प की धमकी: कहा- होर्मुज पर किसी का कंट्रोल बर्दाश्त नहीं, उड़ा देंगे, मुझे चुनाव की परवाह नहीं



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बाद अब ओमान की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्ता है और यहां किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। दुनिया के सभी जहाजों को यहां से गुजरने की आजादी होगी।

दरअसल ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से फीस वसूलने के लिए ओमान के साथ मिलकर एक सिस्टम तैयार करने पर बातचीत कर रहा है। ट्रम्प ने कहा कि हम होर्मुज पर नजर रखेंगे, लेकिन इसे कोई कंट्रोल नहीं करेगा। ईरान इसे कंट्रोल करना चाहता है, लेकिन ऐसा नहीं होगा। यह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र है। ओमान को भी बाकी देशों की तरह व्यवहार करना होगा, नहीं तो उसे उड़ा देंगे। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि ईरान को लगा था कि वह बातचीत से पीछे हट जाएंगे, लेकिन अब तेहरान के पास समझौता करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा, 'ईरान को लगा था कि वे मुझे इंतजार करवाकर थका देंगे। उन्हें लगा कि मेरे सामने मिडटर्म चुनाव हैं, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है। ईरान अब सिर्फ समझौता करना चाहता है।'ईरान ने अमेरिका से कहा है कि होर्मुज (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### अमेरिका और ईरान ने अस्थायी संघर्ष विराम 60 दिन बढ़ाने पर जताई सहमति

अमेरिका और ईरान के वार्ताकारों ने गुरुवार को तीन महीने पुराने युद्ध में संघर्ष विराम को 60 दिन बढ़ाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू करने को लेकर एक अस्थायी समझौता किया है। मामले से परिचित एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह अधिकारी सार्वजनिक रूप से बयान देने के लिए अधिकृत नहीं था और उसने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस समझौते को अभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। ईरान ने तुरंत इस संभावित समझौते की पुष्टि नहीं की। दोनों पक्षों के बीच बना यह अस्थायी समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच अस्थायी संघर्ष विराम कमजोर होता नजर आ रहा था।

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने दी ईद की बधाई, कहा- समाज में प्रेम और सौहार्द बढ़े



नई दिल्ली। त्याग, समर्पण और बलिदान का प्रतीक माना जाने वाला ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पावन पर्व आज देशभर में बेहद श्रद्धा, पारंपरिक अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष दिन पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की और मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। इस अवसर पर देश के शीर्ष नेतृत्व ने समस्त देशवासियों को अपनी हार्दिक बधाई दी है, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद-उल-अजहा के मौके पर देशवासियों को बधाई देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह पवित्र त्योहार हमारे समाज में भाईचारे, आपसी प्रेम और खुशियों की भावना को और ज्यादा मजबूत करेगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी देशवासियों की सफलता और उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए भी प्रार्थना की

## पहला कॉलम...

### उत्तर मंडल भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित



**राजनांदगांव (दावा)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के अनुशंसा से उत्तर मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गेमूलाल कुंजाम ने मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इस विस्तार का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना तथा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में ऊर्जा एवं समर्पण की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यकारिणी में आदिवासी समाज के सभी जनजाति को स्थान दिया है। इस कार्यकारिणी में कुल 31 सदस्यों को शामिल किया गया है।

नई कार्यकारिणी में संघठन के संचालन के लिए विभिन्न पदो पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें मंडल महामंत्री के रूप में मनीष ध्रुव और कंचन तारामं को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर गौरव मारको, रवि कुंजाम, रामहीन श्वेता, नीतेश मांडवी, शेखर श्याम और मंत्री पद पर बाल कृष्ण कोमरे, कुलेशवरी ठाकुर, कार्यालय मंत्री पद पर गिरधारी नेताम, मीडिया प्रभारी संजू कुमार, सह-मीडिया प्रभारी फिलेश कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी डोमेन ठाकुर, प्रचार-प्रसार गोपी मांडवी, आईटी सेल प्रभारी राजकुमार ध्रुव, नारी शक्ति प्रभारी ओम बाई ठाकुर आदि को शामिल किया गया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव में नागरिकों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं



**राजनांदगांव (दावा)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाईयों उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के डेंटल चेयर का सुधार कर लिया गया है तथा नागरिकों की सुविधा हेतु दंत चिकित्सक उपलब्ध है। स्वास्थ्य केन्द्र में कूलर, पंखा, पेयजल, साफ-सफाई, दवाई सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

### दो दिनों में अधिकतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं, ग्रीष्म लहर चलने के आसार

**राजनांदगांव (दावा)।** भीषण गर्मी में लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। छत्तीसगढ़ में नौतपा में मध्य इलाकों में ग्रीष्म लहर चली. भीषण गर्मी की वजह से लोग परेशान हुए। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती परिसंचरण और बंगाल की खाड़ी से आ रही हल्की नमी के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिला. इससे अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट दर्ज हुई. आगामी 2 दिनों में छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, इस बीच एक-दो हिस्सों में ग्रीष्म लहर चलने के आसार हैं. इसके बाद 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। प्रदेश में भीषण गर्मी और नौतपा के प्रकोप के बीच मौसम ने अचानक यू-टर्न ले लिया है। रायपुर में बुधवार दोपहर को मौसम का मिजाज बदला और कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। मात्र 20 मिनट के भीतर शहर में 9 मिलीमीटर पानी बरस गया। हालांकि, इस दौरान शहर के आधे हिस्से में ही पानी गिरा, जबकि बाकी इलाके सूखे रहे, जिससे वहां उमस ने लोगों को जमकर छकाया।

### भैरवलाल नामदेव का निधन



**गंडई/पंडरिया (दावा)।** गंडई निवासी नामदेव समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक भैरवलाल नामदेव जी का आज लंबी अस्वस्थता के बाद रायपुर स्थित अस्पताल में निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्व. भैरवलाल नामदेव पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। जिनका उपचार रायपुर के एक अस्पताल में जारी था। आज 28 मई की शाम उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली और इस नश्वर संसार को अलविदा कह दिया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे स्व. रिखीराम नामदेव के सुपुत्र, भरत नामदेव, अमृत नामदेव और स्व. सरस नामदेव के बड़े भ्राता थे।









# लखोली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड पंजीयन, ड्राईविंग लाईसेंस एवं महतारी वंदन का केवाईसी कराने उमड़ी भीड़

## आज अवकाश के दिन लखोली में आयोजित शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुनी समस्या, 7 वार्ड से 326 आवेदन प्राप्त

### महापौर ने शिविर का अवलोकन कर हितग्राहियों को किया लाभान्वि



**राजनांदगांव (दावा)।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत निकाय स्तर पर वार्डो में जन समस्या निवारण शिविर के तहत आज श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली स्कूल मैदान में 7 वार्ड क्रमशः वार्ड नं. 30,31,32,33,34,35 व 36 के लिये शिविर आयोजित किया गया। नवतपा के चलते अत्यधिक गर्मी के बावजुद वार्डवासियों की भीड़ उमड़ी, शिविर में बड़ी संख्या में 326 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मांग के 290 शिकायत के 36 आवेदन आए। शिविर में राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड पंजीयन, ड्राईविंग लाईसेंस तथा महतारी वंदन केवाईसी कराने के लिए महिलाओ की सर्वाधिक भीड़ रही। आज के शिविर में उपस्थित होकर महापौर मधुसूदन यादव ने दीप प्रज्जवलन कर शिविर का उद्घाटन कर स्टालो का अवलोकन किया। महापौर ने पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत लखोली निवासी श्रीमती तोमिन साहू को टीफिन सेंटर खोलने बैक आफ महाराष्ट्र के माध्यम से स्वीकृत 25 हजार रूपये का लोन तथा श्रीमती हेमा हुमने को किराना दुकान खोलने बैक आफ बड़ोदा से स्वीकृत 15 हजार रूपये का लोन प्रमाण पत्र वितरण किया। साथ ही राजीव नगर लखोली निवासी कन्हैया लाल द्वारा शिविर में अपने राजस्व कर का भुगतान करने पर सम्मानित किया। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई की रस्म अदा की गयी।

स्वास्थ्य एंव आयुष चिकित्सा विभाग के द्वारा वार्डवासियो का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में अपने उद्बोधन में महापौर ने कहा कि सुशासन तिहार के प्रति नागरिको में विश्वास बड़ता जा रहा है। इसका प्रमाण आज लखोली शिविर में देखने को मिल रहा है। जहां नवतपा के तपती गर्मी में लखोली क्षेत्र के लोग शिविर के प्रारंभ से ही उत्साह के साथ बड़ी संख्या में अपनी मांगे व शिकायत संबंधी आवेदन देने पहुँचे है। उन्होने कहा कि राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु, निराश्रित तथा बिजली, पानी संबंधी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाएगा एवं निर्माण व अन्य आवेदनो का चरणबद्ध निराकरण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच कि नागरिकों की बीच जाकर उनकी समस्या से अवगत हो उनका निराकरण करना जिसका अच्छा प्रतिसात मिल रहा है। उन्होंने आज शासकीय अवकाश के दिन आयोजित शिविर में उपस्थित होने पर सभी अधिकारी कर्मचारी का आभार व्यक्त किया। लखोली स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में संबंधित वार्ड के पार्षदों की सक्रिय भूमिका रही।

क्षेत्र के पार्षदों में पुर्नवास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य व पार्षद डिलेश्वर साहू, श्रीमती रीना सिन्हा, श्रीमती गिरजा निर्मलकर, संतोष साहू, श्रीमती मोहनी भारती, श्रीमती चंद्रिका साहू सहित वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पूर्व पार्षद महेश साहू, पार्षद प्रतिनिधि संतोष निर्मलकर, विजय सिन्हा, युवराज भारती, हिंछाराम साहू उपस्थित रहकर अपने अपने वार्डवासियों का आवेदन लेने में सहयोग किए। जन समस्या निवारण के तहत अलगा शिविर 3 जून को दिग्विजय कालेज में महावीर वार्ड नं. 37 व दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिए शिविर लगाया जायेगा। आज के शिविर में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चार इंच की जगह छह इंच का पाइप लगाने के बावजूद नलों में नहीं आ रहा पानी

- सड़क को खुदाई कर छोड़ी, लोगों को आवागमन में हो रही दिक्कत
- भीषण गर्मी मे बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान लखोली नाकावासी



**राजनांदगांव (दावा)।** लखोली नाका चौक से लेकर सेठी नगर मुहल्ले तक नलों में पानी नहीं आने की परेशानी को देखते हुए निगम द्वारा 4 इंच की जगह 6 इंच पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया है। लेकिन पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। मुहल्ले की नलों में पानी नहीं आ रहा। इधर नगर निगम के ठेकेदार द्वारा उक्त 6 इंची पाइप लाइन बिछाने सेठी नगर से लेकर लखोली नाका चौक तक की सड़क को मनमाने ढंग से खोद दिया गया हैं। और नए पाइप लाइन में बगैर कनेक्शन किए आधे- अधूरे पाट दिए हैं जिससे जगह-जगह गड्ढा बने होंने से लोग गिरकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। वहीं चारपहिया वाहनों के चक्के गड्ढे में फंस जाने से निकालने काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि गड्ढों को ठीक तरह से नहीं भरा गया तो बारिश के दिनों में कीचड़ से पूरा वातावरण सन सकता है। गड्ढों में जल जमाव होने से लोग फिसल कर गिरकर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

### मुहल्ले में पानी टैंकर आना हुआ बंद

बता दें कि लखोली नाका से सेठी नगर क्षेत्र में 6 इंची पाइप लाइन बिछा दिए जाने के चलते अब इधर पानी टैंकर भिजवाना बंद कर दिया गया है। जबकि नलों में पानी नहीं आने के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है। इस संबंध में निगम आयुक्त व जल संसाधन चेयर मेन सुनील साहू को बताने के बाद भी न तो नलों में पानी सप्लाई का इंतजाम किया जा रहा है और नए पाइप लाइन में कनेक्शन देने का और न सड़क में खोदे गए गड्ढों को समतल करने की दिशा में ध्यान दिया जा रहा है। मुहल्ले की महिलाए भीषण गर्मी मे बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। इसके बाद भी निगम अधिकारियों की आंखें नहीं खुल रही। पूरा ध्यान उनका खेल में जा रहा है।

लखोली क्षेत्र के सुरेश साहू ने बताया लखोली व लखोली नाका क्षेत्र के नलों से पानी की सप्लाई कमजोर हो गई है। लोगों को जरुरत के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा। टैंकर भी नहीं आ रहा है इससे खासकर महिलाओं को भीषण गर्मी मे पानी के लिए इधर उधर दौड़-भाग करने पड़ रहे है। उन्होंने निगम आयुक्त सहित अधिकारियों को अविलंब इस दिशा में ध्यान देंन की अपील की है। नहीं तो वार्डवासियों को गुंडी बाल्टी लेकर सड़क पर आने के लिए मजबूर होना पड़ जाएगा।

# कांग्रेसियों के जगतगुरु सिर्फ गांधी परिवार - दिलीप साहू



**राजनांदगांव (दावा)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने कांग्रेस नेता चरणदास महंत द्वारा पूज्य जगतगुरु रामभद्राचार्य पर दिया गया। बयान न केवल निंदनीय है, बल्कि यह कांग्रेस की सनातन विरोधी और घृणित मानसिकता को भी उजागर करना बताया है और कहां की करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र जगतगुरु रामभद्राचार्य के प्रति इस प्रकार की ओछी भाषा का उपयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। दिलीप साहू ने आरोप लगाया की कांग्रेस की मानसिकता शुरू से ही सनातन धर्म, संत समाज और हिंदू आस्थाओं के विरोध की रही है। कभी भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताया जाता है। कभी रामसेतु के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए जाते हैं और अब संत समाज का अपमान किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के लिए यदि कोई जगतगुरु है तो वह केवल गांधी परिवार है, इसलिए उन्हें देश की सनातन परंपरा, संतो के त्याग और धर्माचार्यों के सम्मान का महत्व समझ नहीं आता। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने अपना संपूर्ण जीवन सनातन संस्कृति, धर्म और भारतीय परंपराओं के संरक्षण के लिए जीवन समर्पित किया है। ऐसी पूज्य संत पर राजनीतिक टिप्पणी करना कांग्रेस नेताओं की ओछी राजनीति और विकृत सोच को दर्शाता है। दिलीप साहू ने कहा की कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चरणदास महंत को अपने इस इस बयान के लिए तत्काल संत समाज और हिंदू समाज से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। यह केवल एक संत का नहीं बल्कि करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की भावनाओं का अपमान है। साहू जी ने कहा की यदि कांग्रेस नेता इसी प्रकार हिंदू आस्था और संतों का अपमान करते रहेंगे तो प्रदेश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। चरणदास महंत को अपने इस अपमानजनक बयान का राजनीतिक और सामाजिक परिणाम अवश्य भुगतना पड़ेगा।

# संस्कारधानी राजनांदगांव में उदयाचल की अनोखी पहल

### भीषण गर्मी में चलित शीतल स्वादिष्ट पेयजल केंद्र बना आकर्षण का केंद्र



**राजनांदगांव (दावा)।** उदयाचल द्वारा भीषण गर्मी में नागरिकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक अनोखी सामाजिक पहल की शुरुआत 28 मई से की गई है। संस्था ने चलित शीतल स्वादिष्ट पेयजल केंद्र प्रारंभ किया है। जिसके माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर लोगों को निःशुल्क स्वादिष्ट शीतल पेय उपलब्ध कराया जाएगा। संस्कारधानी राजनांदगांव में पहली बार इस प्रकार की चलित सेवा शुरू होने से नागरिकों में उत्साह देखा जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग स्वादिष्ट पेय जैसे आम पना, नींबू पानी, मठा, रसना, रूह आफजा और जलजीरा आदि निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। गर्मी के इस मौसम में शहर में अनेक संस्थाओं द्वारा पानी के प्याऊ संचालित किए जा रहे हैं, लेकिन उदयाचल की यह अनूठी चलित स्वादिष्ट पेय सेवा लोगों के बीच विशेष आकर्षण और चर्चा का विषय बनी हुई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी संस्था की इस पहल को सराहनीय बताते हुए इसकी प्रशंसा की है।

संस्था के संरक्षक डॉ. पुखराज बाफना ने बताया कि उदयाचल का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है और संस्था सदैव समाजहित के कार्यों में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए यह प्रयास किया गया है। नागरिकों ने भी इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। उपरोक्त जानकारी जनसंपर्क प्रभारी गुरदीप सिंह बग्गा द्वारा प्रदान की गई।

# शराब कोचियों से 37 अद्धा एवं 85 पौवा शराब की जप्त, गिरफ्तार कर भेजा जेल



**राजनांदगांव (दावा)।** लालबाग पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने व रखने वाले के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी रमेश पटेल के नेतृत्व में दो अलग अलग मामले के आरोपियों से कुल 37 अद्धा एवं 85 पौवा मात्रा 29.175 बल्क लीटर, बिक्री रकम 500 रुपये एवं 01 नग तीन पहिया एक्टिवा वाहन जुमला कीमती 43,220 रूपये की संपत्ति जप्त की गई। श्री पटेल ने बताया कि अवैध शराब के आरोपी हिना साहू पति स्व. वीरेन्द्र साहू उम्र 46 निवासी अटल आवास व आशीष गुप्ता पिता प्रीतराम गुप्ता उम्र 30 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाना लालबाग में पूर्व में भी प्रतिबंधक धाराओं के प्रकरण दर्ज हैं। इसी क्रम में 27 मई बुधवार को प्राप्त सूचना के आधार पर पृथक से टीम गठित कर उपरोक्त आरोपियो को पकडा गया। इसमें आरोपिया हिना साहू के द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते व कब्जे में रखे 37 अदधा शोले देशी प्लेन शराब, मात्रा 13.875 बल्क लीटर, बिक्री रकम 500 रुपये एवं एक तीन पहिया एक्टिवा वाहन जुमला अनुमानित कीमती 36,420 रुपये को घटना स्थल न्यायालयिक कर्मचारी परिसर पेंड्री के पास से जप्त किया गया एवं आशीष गुप्ता को अवैध रूप से शराब बिक्री करते व कब्जे में रखे पाए जाने पर उसके कब्जे से कुल 85 पौवा देशी प्लेन शराब, मात्रा 6.300 बल्क लीटर, बिक्री रकम 300 रुपये कुल कीमती 3,100 रुपये को घटना स्थल अटल आवास बाजार चौक पेंड्री के पास से जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई तथा दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा दिया गया है।

# खाटू वाले श्याम प्रभु, माता मोरवी के पुत्र हैं - पंडित अर्पित भाई शर्मा

### हिरणकश्यप का वध करने के लिए पुरुषोत्तम मास की रचना की गई

### मनुष्य का जीवन माचिस की तीली की तरह है

### माता-पिता, गुरु के जीवित रहते उनकी अनुपस्थिति में विवाह वर्जित है





**राजनंदगांव (दावा)।** खाटू श्याम लखदातार सेवा समिति द्वारा पावन पुरुषोत्तम मास में आयोजित पंच दिवसीय श्री श्याम चरित्र कथा के तृतीय दिवस खाटू धाम गायत्री विद्यापीठ के विशाल प्रांगण में श्री श्याम चरित्र कथा का रसपान कराते हुए अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि मानव जीवन के लिए पावन पुरुषोत्तम मास में श्री श्याम चरित्र कथा श्रवण करने का सर्वोत्कृष्ट लाभ है। मानव जीवन को माचिस की तीली बताते हुए आचार्य श्री ने कहा कि जीवन में माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी इत्यादि रिश्ते प्रेम जाल में फंसा कर रखते हैं। माचिस की जलती तीली के आखिरी छोर तक पहुंचने की पूर्व तीली छोड़नी पड़ती है। प्रेम की तीली जला ले पर हाथ जलने के पहले त्याग कर देना उचित होता है। प्रेम सर्वदा सर्व व्यापक है। कथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए पंडित अर्पित भाई ने कहा कि पावन पुरुषोत्तम मास की रचना भगवान विष्णु ने राक्षसराज हिरण्यकश्यप का वध करने के लिए किया था, हिरण कश्यप को वरदान था कि वह 12 महीने के किसी माह में भी ना मारे। अतः एक नए माह का उदय किया गया। मनुष्य मात्र का परम धर्म है कि वह प्रभु से निश्चल-निष्कपट भक्ति करें, भक्ति में कुछ प्राप्त करने की इच्छा ना करें। हृदय भगवान की पूर्ण सेवा एवं कथा में लग जावे तो ज्ञान भक्ति है। कर्मयोगी के पास कर्म फल होता है। जब भक्त भगवान को पुकारता है तो भगवान दौड़े चले आते हैं। भक्त प्रहलाद की पुकार सुनकर भगवान नरसिंह अवतार लेकर प्रकट हुए।

कथा व्यास पंडित अर्पित भाई ने कहा कि व्यक्ति भक्ति कर्म एवं ज्ञान योग को समझ जावे तो उसके जीवन में अखंड ज्योति प्रज्वलित हो जाती है भक्ति की अलौकिक महिमा है। भक्ति जब अपने चरम पर पहुंच जाती है तब उसमे अमृत रूपी दूध डालकर परमेश्वर प्रकट हो जाते हैं। भक्ति यदि भोजन में प्रकट हो जाए तो वह प्रसाद बन जाती है। प्रेम की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सभी प्राणियों, जीव-जंतु, जड़-चेतन से प्रेम करना चाहिए। बंद सिग्नल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि चौराहे पर लगा सिग्नल जब बंद होता है तो हमें अस्थाई रूप से रुकना पड़ता है। इस तरह जीवन में दुख आ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। दुख आने से मन कुंठित हो जाता है, पर यह अस्थाई होता है। परमेश्वर की शरण में जाने से घना अंधेरा दूर हो जाता है और सिग्नल हरा होते ही हमारा जीवन भी हराभरा हो जाता है। थोड़े समय के दुख टल जाएंगे अंधेरा 24 घंटे नहीं रहता। जंगल में आग लगने पर बाहर के प्राणी जल जाते है। बिलो में रहने वाले प्राणी का बाल भी बांका नहीं होता कथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए कथा व्यास पंडित अर्पित भाई ने पांडु पुत्र भीम के जीवन चरित्र की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धृतराष्ट्र एवं दुर्योधन ने छलपूर्वक पांडवों को वारनावध के मेले में भेजा। तब विदुर ने पांडवों को संकेत में एक बात कही कि जब जंगल में आग लगती है तब बाहर के प्राणी जलकर भस्म हो जाते हैं। किंतु बिलों में रहने वाले प्राणी का बाल भी बांका नहीं होता।

पांचों पांडव अपनी माता कुंती को लेकर वारनावध के मेले में जाते हैं और लाक्षागृह में रुकते है। विदुर के विश्वास पात्रों द्वारा लाक्षागृह में गहरी सुरंग बनाई गई। लाक्षागृह में दुर्योधन के दूतों द्वारा आग लगा दी गई तब पांचो पांडव अपनी माता कुंती को लेकर सुरंग से दूसरे जंगल की ओर निकल गए। भीम को छोड़कर बाकी सभी भाई एवं माता कुंती काफी थक गए थे। वह आराम करने लगे एवं भीम जंगल का भ्रमण करने निकले। वहीं हिडंब नाम का राक्षस अपनी बहन हिडम्बा के साथ रहता था। उसे मानव मांस की सुगंध आई। उसने अपनी बहन हिडिंबा को मानव का मांस लाने के लिए भेजा। जब हीडंबा जंगल में पहुंची तब वहां उसने बलिष्ठ शरीर के सुंदर व्यक्ति को देखा एवं उस पर मोहित हो गई तथा उसे अपने पति के रूप में स्वीकार किया। भीम द्वारा राक्षस राज हिडिंब का वध किया गया एवं माता कुंती एवं चारों भाइयों के कहने पर हिडिंबा के साथ इस शर्त पर विवाह हुआ कि एक पुत्र होने तक ही भीम उसके साथ जंगल में रहेगा। उसके पश्चात वह अपनी राजधानी लौट जाएगा।

### शुभांक

बी. के.
2-4-8
124-7 357-5
राजधानी
3-4-7
190-0 258-5

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# अकीदत और अमन के साथ मनाई गई ईदुल-अज़हा का पर्व

**राजनांदगांव (दावा)।** आज जिलेभर में ईदुल-अज़हा (बकरीद) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम भाईयों ने जहां एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दी वहीं ईदुज्जुहा का पर्व धार्मिक आस्था, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के मठपारा स्थित ईदगाह में सुबह तयशुदा वक्त पर विशेष नमाज़ अदा की गई, जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। नमाज़ के दौरान पूरे मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और भाईचारे के लिए खास दुआएं मांगी गईं।

गौरीनगर के वरिष्ठ पार्षद व अधिवक्ता भाई हफीज़ खान ने बताया कि मोमिन जनों ने अल्लाह की नेक राह में अपने प्यारे चीज की कुर्बानी दी और संस्कारधानी नगरी सहित देश की तरक्की और अमन चैन की दुआएं मांगी गई। इसी तरह शहर के जाने-माने अधिवक्ता एवं समाजसेवी हाजी एच.बी. गाजी ने बताया कि कुर्बानी का यह पर्व हज़रत इब्राहीम द्वारा अपने पुत्र हज़रत इस्माईल की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। हम भी मानते हैं कि हमारे पास जो कुछ भी है, वह हमारा नहीं है। अल्लाह का है। सारी सृष्टि उनकी है। हज़रत इब्राहीम की यह बात हमारे लिए बहुत बड़ी नसीहत है।

### त्याग बलिदान और इंसानियत का संदेश

जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने जानकारी देते हुए बताया कि ईदुल-अज़हा का पर्व त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। इस मौके पर शहर के विभिन्न इलाकों से अकीदतमंद ईदगाह पहुंचे और पूरी अकीदत के साथ नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे क्षेत्र में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। ईदगाह में नमाज़ के दौरान शहर इमाम क़ासिम रज़ा बरकाती साहब ने मुल्क में अमन, चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ की। नमाज़ संपन्न होते ही ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया और चारों तरफ खुशियों का माहौल नजर आया। ईदुल-अज़हा के अवसर पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खास उत्साह देखने को मिला। नए परिधानों में सजे बच्चे अपने परिजनों और रिश्तेदारों के साथ पर्व की खुशियां साझा करते नजर आए। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर ईद की बधाई दी और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी मुस्लिम समाज को ईदुल-अज़हा की मुबारकबाद दी। कई स्थानों पर बकरीद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां सभी समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर सामाजिक एकता और सद्भाव का परिचय दिया। नमाज़ के बाद मुस्लिम परिवारों में सुन्नत-ए-इब्राहिमी पर अमल करते हुए अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद जरूरतमंदों, गरीबों और रिश्तेदारों के बीच गोश्त का वितरण किया गया, जिससे पर्व की खुशियां सभी तक पहुंच सकें।

जामा मस्जिद मुस्लिम समाज के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफज़ल अली ने बताया कि त्योहार को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मठपारा स्थित ईदगाह में पर्व के लिए पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी एमन साहू एवं थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस बल विभिन्न स्थानों पर तैनात रहा और पूरे समय सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद नजर आई।



मठपारा स्थित ईदगाह में पढ़ी गई ईद-उल-अजहा की नमाज, विशेष नमाज में शहर व देश में अमन-चैन तथा मुल्क की तरक्की के लिए मांगी गई दुआएं

# कांग्रेस ने घुमका को नगर पंचायत बनाया, आत्मानंद स्कूल खोला, सड़क के लिए राशि दिलाई - भूपेश

**पूर्व मुख्यमंत्री ने महंगाई और आर्थिक नीतियों पर केंद्र सरकार को घेरा, कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा के पक्ष में मांगे वोट**



घुमका (दावा)। नगर पंचायत चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार देर शाम घुमका पहुंचे। बाजार चौक में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को गिनाया और कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

सभा में भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने घुमका को नगर पंचायत का दर्जा दिया, आत्मानंद विद्यालय खोला और घुमका-गोपालपुर सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराई। इसके साथ ही सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में शुरू किए गए विकास कार्यों का ही परिणाम है कि आज घुमका आसपास की नगर पंचायतों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसका सीधा असर आम जनता और किसानों पर पड़ रहा है। खाद-बीज संकट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसान लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं पर गंभीर नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में धान खरीदी और सुखत के मुद्दे को लेकर भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय किसानों से धान खरीदी होती थी, लेकिन सुखत के आंकड़ों के नाम पर बड़े घोटाले नहीं होते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि किसके रिश्तेदार है, जो पद पर बैठे हैं, वे सोसाइटियों के माध्यम से धान घोटाले कर रहे हैं। उनका सीधा इशारा केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर माना जा रहा है.

### पार्षद प्रत्याशियों के नाम और चेहरे गायब!

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आमसभा से चुनाव के पार्षद प्रत्याशियों के नाम और चेहरे दोनों ही गायब दिखे. प्रत्याशियों को मंच पर जगह ही नहीं दी गई। पूरे मंच पर बाहरी नेताओं का कब्जा रहा. जिसके चलते प्रत्याशियों को पूर्व मुख्यमंत्री बघेल की सभा का समुचित लाभ नहीं मिल पाया. वही संगठन के नेताओं की सबसे बड़ी गलती पूर्व मुख्यमंत्री को पार्षद प्रत्याशियों के नाम और वार्ड की सूची तक नहीं सौंप गई जिससे वे मंच से प्रत्याशियों के नाम भी जनता के समक्ष रख पाते. आमसभा का सफल संचालन पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने किया। सभा में विधायक कुंवर सिंह निषाद, विधायक हर्षिता बघेल स्वामी, विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, रमेश डाकलिया, हेमा देशमुख, नवाज खान, डॉ. थानेश्वर पाटिला, रुपेश दुबे, अनिस खान, विष्णु लोधी, जयकुमार वर्मा, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, वार्ड नं. 8 पार्षद प्रत्याशी लोचन प्रसाद निर्मलकर, राहुल तिवारी, पदम कोठारी, पंकज बांधव, दिनेश शर्मा आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत, विहिप-बजरंग दल ने पिलाया आम पना



राजनांदगांव (दावा)। इस वर्ष नौतपा के दौरान पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से आम जनजीवन बेहाल है। ऐसे में राहगीरों, वाहन चालकों और यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के सेवा विभाग द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के सामने स्टाल लगाकर लोगों को ठंडा-ठंडा आम का पना वितरित किया। तेज धूप और लू के थपेड़ों से परेशान सैकड़ों नागरिकों ने आम पना पीकर अपनी प्यास बुझाई और गर्मी से थोड़ी राहत पाई। इस सेवा कार्य के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि नौतपा की इस भीषण गर्मी में नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प के साथ यह अभियान शुरू किया गया है। यह सेवा कार्य पूरे नौतपा तक निरंतर जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं ने आम जनता से अपील की कि वे इस मौसम में अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें, धूप में निकलने से बचें, अधिक से अधिक पानी पीएं और अपने घरों के बाहर पशु-पक्षियों के लिए भी दाना-पानी का प्रबंध जरूर करें।

**कलेक्टर और निगम आयुक्त भी सेवा कार्य में हुए शामिल, संगठन के प्रयास को सराहा**

विहिप-बजरंग दल के इस सेवा स्टाल पर जिले के कलेक्टर जितेंद्र यादव एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त अतुल विश्वकर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। दोनों अधिकारियों ने खुद अपने हाथों से राहगीरों और यात्रियों को आम का पना पिलाया। कलेक्टर और निगम आयुक्त ने संगठन के इस मानवीय कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि संकट के इस मौसम में समाज के जरूरतमंदों की सहायता करना बेहद अनुकरणीय कदम है। इस पूरे सेवा कार्य में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मुस्तैदी से जुटे रहे।

# शरबत वितरण कार्यक्रम में पहुंचे कलेक्टर जितेंद्र यादव



राजनांदगांव (दावा)। चैंबर ऑफ कॉमर्स जिला इकाई राजनांदगांव के कुशल मार्गदर्शन में हार्डवेयर व्यापारी संघ के सौजन्य से इस भीषण गर्मी में पिछले 1 अप्रैल से चेंबर अध्यक्ष कमलेश बैद के कुशल नेतृत्व में हार्डवेयर संघ द्वारा आम लोगों को गर्मी में शीतल पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसको ध्यान में रखते हुए महावीर चौक के पास अरुणोदय एजेंसी में शीतल पेयजल प्याऊ का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक खूबचंद पारख के शुभ हाथों से इस प्याऊ का लोकार्पण किया गया था और इस प्याऊ में समय-समय पर पेयजल के साथ मठा आम का पना शरबत आदि का वितरण किया जाता रहा है। इसी कड़ी में आज शरबत का वितरण किया गया। जिसमें जिले के ऊर्जावान क्रियाशील कलेक्टर जितेंद्र यादव की उपस्थिति में 400 से 500 लोगों को शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद जी ने व्यापारियों को शहर में होरही चिल्लर किल्लत से भी अवगत कराया। जिसका कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए स्टेट बैंक आफ इंडिया के मैनेजर को चेंबर ऑफ कॉमर्स को तत्काल 8 से 10 लाख की चिल्लर उपलब्ध कराने का आदेश दिया। जिस पर स्टेट बैंक के मैनेजर ने एक-दो रोज में चिल्लर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कलेक्टर के इस त्वरित कार्रवाई पर वहां पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। जिसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद, महामंत्री अरुण डुलानी, हार्डवेयर व्यापारी संघ के सहसंयोजक अरुण खंडेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव जितेश पटेल, मदन गिड़िया एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हार्डवेयर संघ के अध्यक्ष राजकुमार बाफना उपस्थित थे।

**व्यापारियों की मांग पर तत्काल बैंक को दिए 10 लाख की चिल्लर उपलब्ध कराने के निर्देश**

# ऑनलाइन पोर्टल में छूट विकल्प नहीं मिलने से एमएसएमई उद्योगों की स्थापना में आ रही बाधा

**राजनांदगांव कैट ने शासन से तकनीकी सुधार कर उद्योगों को राहत देने की मांग उठाई**

राजनांदगांव (दावा)। रायपुर छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत नए उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से घोषित भूमि डायवर्जन शुल्क छूट का लाभ ऑनलाइन प्रक्रिया में नहीं मिलने से एमएसएमई उद्यमियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) राजनांदगांव इकाई द्वारा नेशनल वाइस चेयरमैन अमर परवानी को ज्ञापन प्रेषित कर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि राज्य शासन की औद्योगिक नीति के तहत नए उद्योगों एवं विनिर्माण इकाइयों को औद्योगिक प्रयोजन हेतु कृषि भूमि के डायवर्जन पर लगभग 50 प्रतिशत तक शुल्क छूट प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इसका उद्देश्य नए उद्योगों पर प्रारंभिक आर्थिक भार कम करना तथा राज्य में निवेश एवं रोजगार को बढ़ावा देना है।

### ऑनलाइन पोर्टल में नहीं मिल रहा छूट का विकल्प

उद्यमियों ने बताया कि शासन द्वारा विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन वर्तमान में भूमि डायवर्जन पोर्टल में औद्योगिक छूट का विकल्प उपलब्ध नहीं है। इसके कारण पात्र उद्योगों को भी पूर्ण शुल्क जमा करने की स्थिति बन रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस तकनीकी कमी के कारण विशेष रूप से एमएसएमई एवं लघु उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को अतिरिक्त आर्थिक एवं प्रक्रियात्मक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उद्योगों को बढ़ावा देने की मंशा के बावजूद जमीनी स्तर पर नीति का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### शासन स्तर पर तकनीकी सुधार की मांग

कैट राजनांदगांव ने इस विषय को गंभीर बताते हुए संबंधित विभाग एवं शासन स्तर पर आवश्यक तकनीकी अपडेट करवाने की मांग की है, ताकि पात्र औद्योगिक इकाइयों को ऑनलाइन प्रक्रिया में भी भूमि डायवर्जन शुल्क छूट का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके। इस अवसर पर कैट के प्रदेश संरक्षक अनिल बरड़िया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा, अमित खंडेलवाल, लक्ष्मण लोहिया, अशोक पांडे, सागर चितलांगिया, सूरज बुद्धदेव, आलोक बिंदल एवं प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि यदि शासन की औद्योगिक नीतियों का लाभ सरलता से उद्योगों तक पहुंचेगा तो राज्य में नए निवेश को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा स्थानीय स्तर पर औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

# सीईओ सुरुचि सिंह ने ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की, आधार रजिस्ट्रेशन व हर घर सोख्ता गड्ढा अभियान को प्राथमिकता देने के निर्देश




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके आवासों का तत्काल सीसी लगाने निर्देशित किया। नोडल अधिकारियों को अधिक से अधिक ग्रामों में पहुंचकर आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना के पूर्ण कार्यों का तत्काल सीसी लगाने कहा। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने प्रेरित करने कहा। उन्होंने शासन के दिशा-निर्देशों के तहत सामाजिक सहायता योजना की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के तहत हितग्राहियों का आधार रजिस्ट्रेशन कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने कहा।

सीईओ जिला पंचायत ने हर घर सोख्ता गड्ढा अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन मोड में कार्य करने कहा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत वार सोख्ता गड्ढा निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने अभियान के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए इन्जेक्शन वेल, वाटर रिचार्ज शॉफ्ट, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, सोखता गड्ढा, फिल्डर मीडिया की साफ-सफाई के कार्य को गंभीरतापूर्वक करने कहा। ईडब्लूएम सेंटरों का अनुबंध कराकर मशीन चालू कराने निर्देशित किया गया। बैठक में यूजर चार्ज कलेक्शन की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा इस कार्य में आवश्यक सुधार व प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि शासन के नवीन निर्देश के तहत अब चार प्रकार का कचरा संग्रहित किया जाएगा। बैठक में पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर यूसी, सीसी लगाने निर्देशित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, समर्थ पोर्टल, हर घर जल, अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र, डीफ एकाउन्ट, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल एवं पंचायत सेक्टर के कार्यों एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों, एनआरएलएम डीएआर एन्ट्री के कार्यों की समीक्षा की गयी।

# अजय देशलहरे ने संभाला मोर्चा, भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा के पक्ष में किया धुआंधार प्रचार

घुमका (दावा)। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अजय देशलहरे ने भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा के पक्ष में चुनावी कमान संभालते हुए धुआंधार प्रचार प्रसार किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के भारी हुजूम के साथ नगर के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और मतदाताओं से सीधा संवाद कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया। वरिष्ठ नेता अजय देशलहरे ने जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए भाजपा की परिषद बनना बेहद जरूरी है। उन्होंने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि श्रीमती किरण वर्मा के अध्यक्ष बनने से क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। देशलहरे ने मतदाताओं से अपील की कि वे क्षेत्र की खुशहाली और बेहतर बुनियादी सुविधाओं के लिए कमल छाप पर बटन दबाकर किरण वर्मा को भारी मतों से विजयी बनाएं।



वरिष्ठ नेता अजय देशलहरे के जमीन पर उतरने से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। रैली और जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों के साथ माहौल को पूरी तरह भाजपा मय कर दिया। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय नागरिक, मातृशक्ति और युवा वर्ग उपस्थित रहे। इस आक्रामक प्रचार अभियान और जनता से मिल रहे अपार समर्थन को देखते हुए भाजपा खेमा बेहद उत्साहित है। स्थानीय पदाधिकारियों का दावा है कि नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर इस बार भाजपा की प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा ऐतिहासिक बहुमत के साथ काबिज होने जा रही हैं। प्रचार के दौरान प्रमुख पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# गांव में अब लगने लगेगा चौपाल... युवा उपसरपंच ने की सराहनीय पहल



**पेड़ को संरक्षित करने के लिए चबूतरे का निर्माण, शाम के समय जुट रहे हैं गांव के लोग**

राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम पंचायत खुर्शीपार के युवा उप सरपंच द्वारा पेंड़ को संरक्षित करने चबूतरे का निर्माण करने के सराहनीय पहल से अब गांव के लोग शाम के समय वहां जुटने लगे हैं। गांव के लोगों के सुख-दुख व विकास संबंधी चर्चा होने लगी है। इस तरह ग्राम के इस युवा सरपंच भागवत वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मिसाल पेश की है। उन्होंने गाँव के मुख्य चौराहे पर स्थित पुराने वटवृक्ष को संरक्षित करने हेतु उनके नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से पक्के चबूतरे का निर्माण कराया गया है। उनके सराहनीय पहल की सराहना की जा रही है।

बता दें कि गाँव की पहचान बना यह विशाल वृक्ष वर्षों से मौसम की मार और जड़ों के पास मिट्टी कटाव से कमजोर हो रहा था। साथ ही कचरा फेंकने और वाहनों की टक्कर से भी पेड़ को नुकसान पहुँच रहा था। युवा उप सरपंच भागवत वर्मा ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पंचायत और ग्रामीणों के साथ बैठक कर चबूतरा निर्माण का प्रस्ताव रखा और पंचायत सहयोग, श्रमदान और जनसहयोग से बहुत सुंदर चबूतरे का निर्माण पूरा किया गया। अब इस चबूतरे पर ग्रामीण बैठकर छाँव का आनंद लेते हैं और पेड़ की जड़ें भी सुरक्षित हो गई हैं।

### पेड़ हमारे गांव के धरोहर है

उपसरपंच भागवत वर्मा ने कहा कि पेड़ हमारे गाँव की धरोहर हैं। विकास के साथ प्रकृति का संरक्षण भी जरूरी है। यह चबूतरा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देगा।ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवा नेतृत्व से गाँव में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। सरपंच श्रीमती लता कोर्राम ने भी भागवत वर्मा के प्रयासों की प्रशंसा की और अन्य युवाओं से ऐसे कार्यों में आगे आने की अपील की। ग्राम पंचायत जल्द ही गाँव के अन्य पुराने पेड़ों के आसपास भी इसी तरह के चबूतरे बनाने की योजना बना रही है।

# पहाड़ी गांवों में टूटी माहवारी पर चुप्पी : 'आओ सहेली चुप्पी तोड़ें' अभियान से किशोरियों में जागी नई उम्मीद



मोहला (दावा)। मानपुर अंबागढ़ चौकी विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जनकल्याण सामाजिक संस्थान एवं प्रोजेक्ट बाला के संयुक्त तत्वावधान में 'आओ सहेली चुप्पी तोड़े' अभियान के अंतर्गत ग्राम बुकमरका, कामखेड़ा, कोराचा एवं चावरगांव (विकासखंड मानपुर, जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी) में जागरूकता, संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहली बार माहवारी से जुड़ी जागरूकता के साथ पीरियड्स से गुजर रही किशोरी बालिकाओं का सम्मान भी किया गया। जिसने ग्रामीण समाज में सकारात्मक संदेश दिया।पहाड़ी क्षेत्र में बसे ग्राम बुकमरका में पहली बार महिला, पुरुष एवं किशोरी बालिकाओं ने एक साथ मिलकर माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी, शर्म एवं भ्रांतियों को तोड़ते हुए स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों ने अपनी समस्याएं साझा करते हुए बताया कि गांव में सेनेटरी पैड की उपलब्धता नहीं होने के कारण अधिकांश लड़कियां एवं महिलाएं माहवारी के दौरान पुराने कपड़ों का उपयोग करने को मजबूर थी। सेनेटरी पैड खरीदने के लिए 10 से 12 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। जिससे कई बार असुविधा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इन परिस्थितियों को देखते हुए कार्यक्रम में 120 किशोरी बालिकाओं को रीयूजेबल सेनेटरी पैड वितरित किए गए। पहली बार रीयूजेबल पैड प्राप्त कर बालिकाओं के चेहरे पर उत्साह, आत्मविश्वास और खुशी साफ दिखाई दी।

कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा, संक्रमण से बचाव एवं रीयूजेबल पैड के सुरक्षित उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि माहवारी कोई शर्म या छुपाने की बात नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन की एक प्राकृतिक और महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जिसके प्रति समाज को संवेदनशील और जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ग्राम के पटेल, मितानिन दीदी, महिला समूह की सदस्याएं, ग्रामीणजन एवं जन कल्याण सामाजिक संस्थान के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीण क्षेत्रों में माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा किशोरियों को आवश्यक स्वास्थ्य संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि पहाड़ी गांवों की किशोरियों और महिलाओं के जीवन में सम्मान, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास की नई शुरुआत भी साबित हुआ।

## अनमोल दावा

> “ समय सबसे बड़ा शिक्षक है, जो हर अनुभव के साथ कुछ नया सिखाता है।

## शिखर पर महिलाओं के होने का मतलब

यह राजा राममोहन राय जैसे समाज सुधारक की वही धरती है, जहां उन्होंने सती प्रथा और बाल विवाह के खिलाफ, विधवा विवाह तथा स्त्री शिक्षा के समर्थन में आंदोलन चलाया था। बंगाल में पराजय के बाद ममता बनर्जी मुश्किल में हैं। उनके सहयोगी ही उनके खिलाफ खड़े हो रहे हैं। ममता यह दिखा रही हैं कि किस तरह हर वक्त संविधान बचाने और लोकतंत्र की दुहाई देने वाले नेता चुनाव परिणाम अपने अनुकूल न आने के बाद किसी भी तरह के झूठ से परहेज नहीं करते। पता नहीं क्यों नेता यह मानकर बैठ जाते हैं कि कोई राज्य उनकी निजी जागीर है और वे हमेशा ही वहां बने रहेंगे? ममता की हार पर दो तरह के विमर्श चालू हैं। एक पक्ष कह रहा है कि उनकी हार उनकी पार्टी की गुंडागर्दी, तानाशाहीपूर्ण नीतियों, अवैध वसूली, भ्रष्टाचार तथा हिंदुओं की नाराजगी के कारण हुई। दूसरा पक्ष उनकी हार पर कह रहा है-देश से लोकतंत्र खत्म हो गया, फासिज्म आ गया आदि।

फासिज्म का राग अलापने वाले यह नहीं बताते कि आपातकाल के दिनों में या हिटलर, मुसोलिनी, माओ, स्टालिन, शी चिनफिंग, किम इल सुंग से किम इल जोंग आदि के शासनकाल में क्या वे इतना बोल सकते थे? डिजिटल मीडिया पर जो चाहे, लिख सकते थे। आपातकाल को इस लेखिका ने देखा है। जहां किसी को भी बिना किसी जांच के उठा लिया जाता था। फिर उसका पता न चलता था। आपातकाल को भी एक महिला नेता इंदिरा गांधी ने ही लगाया था। तब लोकतंत्र के बहुत से हिमायतियों को सांप सूंघ गया था। दूरदर्शन, रेडियो, अखबारों में बाकायदा सरकार के लोग बैठे रहते, जो हर खबर को देखते। तभी वह छप सकती थी या प्रसारित हो सकती थी।

मायावती उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं, उन्होंने राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति को वाकई बहुत सुधारा, लेकिन उन पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे। हालांकि वे साबित नहीं हुए। कुछ साल पहले ममता बनर्जी की तरह ही उन्होंने भी अपने भतीजे को अपना उत्तराधिकारी बना दिया। तमिलनाडु में जब जयललिता आईं तो उनकी परम मित्र शशिकला का बोलबाला हो गया था। जयललिता पर भी भ्रष्टाचार के खूब आरोप लगे। वह पहली मुख्यमंत्री थीं, जिन्हें इस पद पर रहते हुए जेल जाना पड़ा। शीला दीक्षित जब दिल्ली की मुख्यमंत्री थीं, तो निश्चित रूप से उन्होंने दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास में बहुत योगदान दिया, लेकिन उन्हें भी भ्रष्टाचार के आरोपों से दो-चार होना पड़ा। उन्होंने भी अपने बेटे को आगे बढ़ाने की कोशिश की। पत्नी राबड़ी देवी को लालू प्रसाद यादव ने बिहार का मुख्यमंत्री बना दिया था। उन पर भी जमीन के बदले नौकरी और आइआरसीटीसी घोटाले में लिप्त होने के आरोप लगे हैं। सुनवाई हो रही है। उनके उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव और मीसा भारती बन गए हैं।

आखिर ऐसा क्यों है कि शिखर पर पहुंचते ही कई नेत्रियों को वही रास्ता सुविधाजनक लगता है, जिसे चुनौती देकर वे सत्ता में आती हैं। अपने रिश्तेदारों के अलावा, उत्तराधिकारी के लिए इन्हें कोई और योग्य क्यों नहीं लगता? उन विचारों का कितना महत्व है, जो कहते हैं कि स्त्रियां ही दुनिया को नष्ट होने से बचा सकती हैं। वे भी इसी पितृसत्तात्मक समाज का हिस्सा हैं, इसलिए जाने-अनजाने वे भी वही तौर-तरीके अपनाती हैं। तब फिर शिखर पर रहकर वे क्या बदलती हैं? कहावत है-एब्सोल्यूट पावर करप्टस एब्सोल्यूटली या हिंदी की कहावत है-काजर की कोठरी में कैसो ही सयानो जाय..। ये सच मालूम देती हैं। अक्सर कहा जाता है कि स्त्रियां यदि सत्ता के शिखर पर पहुंच जाएं, तो लोगों की तकदीर बदल सकती है, क्योंकि वे भ्रष्ट नहीं होतीं। वे पानी, सफाई, पोषण, स्कूल, सड़कों आदि को सुधारने की पहल करती हैं। बहुत सी ग्राम प्रधान स्त्रियों के बारे में छपता भी रहता है कि उन्होंने किस तरह अपने प्रयासों से गांवों की सूरत बदल दी। प्रायः हमारी तुलना दूसरे देशों से की जाती है कि वहां देखो, कितना अच्छा है, लेकिन अमेरिका में अपराधी न स्त्री होती है, न पुरुष, वह सिर्फ अपराधी होता है। वहां ऐसा कोई नियम नहीं कि स्त्री अपराधी को पुरुष पुलिस वाले नहीं पकड़ सकते। न ही भारत की तरह यह नियम है कि सूर्यास्त के बाद किसी स्त्री अपराधी को आमतौर पर नहीं पकड़ा जा सकता। वहां अपराध के मामले में न स्त्री होना काम आता है, न रंग, भाषा, प्रदेश, प्रांत का सवाल उठता है। अपने यहां तो जैसे ही कोई अपराध करता है, उसकी जाति , लिंग, धर्म, भाषा देखी जाने लगती है।

जब से बंगाल के चुनाव हुए हैं, न जाने कितने भयावह वीडियो और रील्स देखी हैं। वहां की स्त्रियां बताती हैं कि मामूली बातों पर उनके पति, बेटों को घर से खींचकर उनके सामने ही मार दिया गया। लड़कियों का दुष्कर्म, अपहरण, घरों, जमीन पर कब्जा, मवेशियों को खोल ले जाना आम बात थी। पुलिस ने भी उनकी कोई मदद नहीं की। कुछ स्त्रियों ने कहा कि चुनाव के दौरान उनके घर सफेद साड़ियां भिजवाई जातीं यानी कि यदि तुमने हमें वोट नहीं दिया, तो इन्हें पहनना। मतलब कि विधवा हो जाओगी। क्या यह देखकर हैरत नहीं होती कि आज भी बंगाल में विधवा होना कितना दुखद है। वृंदावन की विधवाओं में अधिकांश बंगाल से ही आती हैं। उनके घर वाले ही उन्हें वहां छोड़ जाते हैं।

# सुशासन से संवरता छत्तीसगढ़- विकसित भारत का नया रोल मॉडल

**विष्णु प्रसाद वर्मा**




छत्तीसगढ़ की माटी में इन दिनों विकास और सुशासन की एक नई बयार बह रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य ने प्रगति की एक ऐसी छलांग लगाई है, जो न केवल छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रही है, बल्कि इसे देश के नक्शे पर विकसित भारत का एक चमकता हुआ रोल मॉडल भी बना रही है। केंद्र की दूरदर्शी नीतियों और राज्य सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति के मेल से छत्तीसगढ़ में आज डबल इंजन की सरकार धरातल पर साफ महसूस की जा रही है। विकास की इस नई इबारत में समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की खुशहाली सबसे ऊपर है।

### गरीब का अपना घर-पहली प्राथमिकता, ठोस कदम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सत्ता संभालते ही सबसे पहला और ऐतिहासिक फैसला समाज के सबसे कमजोर तबके के हक में लिया किया वह था हर गरीब को अपना पक्का मकान देना। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को जो रफ्तार मिली, उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। हाल ही में मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से एक ही क्लिक में 3 लाख लाभार्थियों के खातों में 1,200 करोड़ रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई। सिर्फ गाँव ही नहीं, बल्कि पीएमएवाई-यू 2.0 के जरिए शहरी और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को भी बड़ी राहत दी गई है। पुरानी विसंगतियों और तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए पूरी व्यवस्था में प्रशासनिक और तकनीकी सुधार लागू किया गया है, ताकि बिना किसी बिचौलिए और देरी के हर हकदार को उसका घर मिल सके।

### केंद्र का साथ और छत्तीसगढ़ को ऐतिहासिक सौगात

मुख्यमंत्री साय के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर केंद्र सरकार ने भी अपनी मुहर लगाई है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शी शासन का ही नतीजा है कि केंद्र ने छत्तीसगढ़ को 4,400 करोड़ रुपये की विशेष सहायता मंजूर की है, जो देश के किसी भी राज्य को मिली अब तक की सबसे बड़ी प्रोत्साहन राशि है। इसके साथ ही, केंद्रीय बजट 2026-27 में छत्तीसगढ़ के लिए करीब 52 हजार करोड़ रुपये के भारी-भरकम वित्तीय सहयोग की घोषणा की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4,500 करोड़ रुपये अधिक है। यह भारी आवंटन राज्य के बुनियादी ढांचे के कायाकल्प के लिए गेम-चेंजर साबित होने वाला है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल कनेक्टिविटी का स्वर्णिम युग

छत्तीसगढ़ आज सड़कों, ऊर्जा और डिजिटल क्रांति के एक नए दौर से गुजर रहा है। राज्य में सड़कों का जाल बिछता जा रहा है। राज्य में 3,153 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण तेजी से चल रहा है। लगभग 4,500 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर-विशाखापत्तनम और रायपुर-रांची जैसे इकोनॉमिक कॉरिडोर पर काम युद्ध स्तर पर जारी है। साथ ही केंद्रीय सड़क निधि से 664 करोड़ रुपये की लागत से जिला मार्गों को सुधारा जा रहा है।

### ऊर्जा और डिजिटल हाईवे

दूरदराज के अंचलों में सौर ऊर्जा और माइक्रो-ग्रिड के माध्यम से निर्बाध बिजली पहुँचाई जा रही है। वहीं, डिजिटल इंडिया के तहत बस्तर जैसे संवेदनशील और सुदूर क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड और बीएसएनएल नेटवर्क का जाल बिछाया गया है, जिससे गाँवों में भी शिक्षा, बैंकिंग और ई-कॉमर्स की सुविधाएं आम हो गई हैं।

### राष्ट्रीय पटल पर छत्तीसगढ़ का गौरव

साय सरकार के जमीन से जुड़े कामकाज की गूंज देश की राजधानी तक सुनाई दे रही है। राज्य को उसकी उत्कृष्ट योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को एक साथ 12 राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दिए गए हैं, जिनमें प्रतिष्ठित ÷दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार÷ भी शामिल है। मनरेगा, स्वास्थ्य और लघु वनोपज संग्रहण जैसे क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन के लिए राज्य ने 10 अन्य राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करते हुए आयुष्मान भारत योजना को और प्रभावी बनाया गया है, साथ ही राज्य के 5 जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों के जरिए चिकित्सा तंत्र को आधुनिक रूप दिया जा रहा है।

### निवेश, उद्योग और युवाओं की नई उड़ान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उद्योग-अनुकूल नीतियों और सिंगल-विंडो सिस्टम ने निवेशकों में एक नया भरोसा जगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य को 34,427 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी गई है। स्टील और माइनिंग के पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ अब छत्तीसगढ़ में खाद्य-प्रसंस्करण और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारी निवेश आ रहा है। यह नया औद्योगिक माहौल राज्य के युवाओं के लिए केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि उनके हुनर के मुताबिक कौशल-युक्त और स्थायी रोजगार के नए रास्ते खोल रहा है।

### एक समृद्ध और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज सिर्फ खनिज और उद्योगों की रीढ़ नहीं रह गया है, बल्कि यह अंत्योदय (अंतिम व्यक्ति के उदय) की भावना को सच करने वाला राज्य बन चुका है। तमाम प्रशासनिक चुनौतियों को मात देते हुए साय सरकार ने ग्रामीण आत्मनिर्भरता, शहरी आधुनिकता और युवाओं के सपनों को एक नया आसमान दिया है। केंद्र सरकार के मजबूत सहयोग और मुख्यमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर छत्तीसगढ़ आत्मविश्वास के साथ विकसित भारत के अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

**लेखक सहायक संचालक जनसंपर्क हैं**

## विचार सरिता

# जीवन सूत्र (प्राचीन ग्रंथों से): विषय भोग की नदियों के समक्ष समुद्र की तरह गंभीरता धारण करें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



समुद्र में गंभीरता होती है। गहराई होती है। विविध नदियाँ उसमें समा कर कोई विक्षोभ उत्पन्न नहीं कर पाती हैं। पर्वत से निकलने वाली प्रचंड वेगवान नदी जब समुद्र में मिलती है, तो चंचलता का अपना स्वाभाविक गुण खोकर समुद्र के एक भाग के रूप में धीर, गंभीर और शांत बन जाती है। यह होता है समुद्र का प्रभाव। इसी तरह मनुष्य में भी कामनाओं, इच्छाओं और वासनाओं रुपी नदियों का बिना क्षोभ और विचलन के विलय होना चाहिए।

अगर मनुष्य विषय भोगों रूपी नदियों से प्रभावित हो गया तो फिर उल्टी धारा बहने लगेगी। कल्पना कीजिए, अगर समुद्र भी नदियों की तरह क्षुब्ध हो गया, तो क्या होगा? यह सुनामी या जल प्रलय जैसी स्थिति उत्पन्न कर देगा। समुद्र के स्वभाव में स्थिरता है। इंद्रियों के स्वभाव में चंचलता है। मनुष्य के स्वभाव में भी समुद्र की तरह स्थिरता होना चाहिए। उसे इंद्रियों के विषय भोगों में विचरने पर विवेक का सहारा लेकर संयम के बाँध बनाना चाहिए। समुद्र पर बाँध बनाना असंभव होता है, इसलिए उचित यही है कि विक्षोभकारी नदियों को पहले ही शांत और नियंत्रित बना दिया दिया जाए, तब हमारा मन तांडव मचाती नदियों के विलय में भी प्रशांत बना रहेगा। अन्यथा हमारा मन गहरे समुद्र के स्थान पर उथला सरोवर बनकर रह जाएगा। जिसमें नदी का जल क्या, कोई छोटी जलराशि समाना भी मुश्किल हो जाएगा। स्थितप्रज्ञ मनुष्य के लिए भोगों के ग्रहण करने की स्थिति निर्मित होती है, तो भी ये उसमें बिना विकार उत्पन्न किए समा जाते हैं।

स्रोत श्लोकः-

गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा हैः-

आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं समुद्रमापः प्रविशन्ति यद्वत्।
तद्वत्कामा यं प्रविशन्ति सर्वे स शान्तिमाप्नोति न कामकामी।।2/70।।

इसका अर्थ है, हे अर्जुन! जैसे सब ओर से परिपूर्ण अचल प्रतिष्ठा वाले समुद्र में अनेक नदियों के जल उसे विचलित किए बिना ही समा जाते हैं, वैसे ही जिस पुरुष में कामनाओं के विषय भोग उसमें विकार उत्पन्न किए बिना समा जाते हैं, वह पुरुष परम शान्ति प्राप्त करता है, न कि भोगों की कामना करने वाला पुरुष।

## शब्द सामर्थ्य -052


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 051 का हल**



## सू- दोकू क्र. 052

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.051का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## सामयिक चर्चा

### सत्ता का अहंकार

बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
आज एक विधायक की खबर -
सरगुजा जिले के राजापुर उपतहसील में
बुधवार यानी 27 मई को हुए विवाद ने
प्रशासनिक और राजनीति हलकों में
हलचल मचा दी है।
इस खबर को हमने भी सीरियसली ली है।
सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो
और उनके समर्थकों पर
राजापुर उपतहसील के नायब तहसीलदार
तुषार माणिक के साथ मारपीट करने
और कपड़े फाड़ने का आरोप लगा है।
इस पर गजाधर!
मेरे मन में यह भाव जगा है
कि विधायक की चचेरी बहन के आरोप पर
कि साइन के लिए घुमा रहे अफसर,
विधायक रामकुमार टोप्पो जी
इतने उत्तेजित क्यों हो गये
कि उन्होंने नायब तहसीलदार को पीटा
और उनके कपड़े भी फाड़ डाले।
विधायक महोदय क्रोध में ऐसे क्यों खो गए?''
गजाधर मुस्कराए बोले - 'बानी!
देखो, एक तो वे विधायक
फिर सत्ता पार्टी के
तो उन पर सत्ता का ऐसा असर पड़ा
कि उनका अहंकार जन्य क्रोध,
मारपीट करने और कपड़े फाड़ने तक बढ़ा!''
दिनांक 29/5/2026



**गिरीश बख्शी**

## डॉक्टर से जाने चाय बनाने का सही तरीका

कैंसर सर्जन डॉक्टर जयेश शर्मा ने बताया कि चाय कैसे बनानी



चाहिए और इसे पीने से क्या फायदे और नुकसान होते हैं। अगर नॉर्मल चाय कॉफी पीनी है तो लिमिट में ही पीएं। चाय में दूध कम रखें, शक्कर कम रखें और चाय को बहुत ज्यादा स्ट्रॉंग न बनाएं। साथ ही ध्यान रखें कि खाली पेट न पीएं और ज्यादा गर्म न पीएं। अगर आपको नींद न आने की समस्या है तो एक बात जरूर याद रखिए कि इसका जो अलर्टनेस असर है वो 5-6 घंटे तक रहता है। तो शाम को चाय कॉफी बिल्कुल न लें।

### चाय पीने के फायदे

डॉक्टर जयेश की मानें तो चाय और कॉफी दोनों में कैफीन मुख्य चीज है। कैफीन हमें तुरंत एक्टिव बना देता है। एनर्जी को हाई करता है। चाय कॉफी में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। चाय में थिया फ्लेविन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है और कॉफी में क्लोरोजेनिक एसिड होता है। ये हमें कैंसर से लड़ने में और हार्ट की बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। अब आप सोच रहें होंगे कि फिर तो चाय कॉफी के साथ सब अच्छा है?

### चाय कॉफी पीने के नुकसान

अगर आपको नींद न आने की समस्या है तो चाय आपकी परेशानी और बढ़ा सकती है। कैफीन लेने से एंग्जाइटी हो सकती है। एसिडिटी और जलन हो सकती है। बहुत गर्म पीने पर मुंह और गले की लाइनिंग खराब हो सकती है। जिससे कैंसर होने का भी थोड़ा खतरा बढ़ सकता है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या जो चाय कॉफी के साथ होती है। खासतौर से जो फैंसी रेंस्टोरेंट वाली चाय कॉफी होती हैं, उसमें क्रीम और शुगर बहुत ज्यादा होती है। इसलिए अगर आपको ग्रीन टी का स्वाद पसंद है तो ग्रीन टी पीएं। ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं और कैफीन कम होता है। इसके साथ आप चीनी और दूध नहीं लेते हैं। इसलिए ये कहीं ज्यादा फायदेमंद हो जाती है।

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी तारीफ करेंगे।

**वृष राशि** — वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन** — मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा।

**कर्क** — कर्क राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**सिंह** — सिंह राशि वालों आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्ते के बारे में घरवालों को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार भी करेंगे। इस राशि के कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनाएंगे।

**कन्या** — कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका पुराना दोस्त आपको फोन कर के सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। आपको अपना कारोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे।

**तुला** — तुला राशि वालों आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। आपके काम की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जायेंगे। नये प्रोजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** — धनु राशि वालों आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। जीवनसाथी के साथ अच्छी मूवी देखने का मन बनायेंगे।

**मकर** — मकर राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुंभ राशि वालों आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे। आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेंगी। अगर आप नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, तो आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा।

**मीन** — मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

# डबल इंजन सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पित : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री विजय शर्मा का आज नवगठित जिले मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी का एक दिवसीय सघन दौरा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जेड प्लस श्रेणी की कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचे उप मुख्यमंत्री ने जहां एक ओर जिला जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से सीधे आम जनता से संवाद किया। वहीं दूसरी ओर जनजातीय संस्कृति और आदिम आस्था स्थलों के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान क्षेत्र के विकास और राजनीतिक मोर्चे पर भी बड़े घटनाक्रम देखने को मिले।



- पानाबरस में आदिम आस्था स्थलों के संरक्षण और जनजातीय संस्कृति सुरक्षा अभियान में हुए शामिल
- सुशासन से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने थामा भाजपा का दामन

### शिविर में सुनीं जन-समस्याएं, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सुबह लगभग 11 बजे ग्राम भनसुला पहुंचे। यहां आयोजित जिला जन समस्या निवारण शिविर में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी मांगें और शिकायतें उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। श्री शर्मा ने एक-एक कर आम जनता की समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित जिले के आला अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर उनके त्वरित निराकरण के सख्त निर्देश दिए।

### सुशासन से प्रभावित होकर युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने ली भाजपा की सदस्यता

दौरे के दौरान क्षेत्र में एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम भी सामने आया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के सुशासन तथा जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर क्षेत्र के कई प्रमुख गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। उप मुख्यमंत्रीविजय शर्मा ने सभी नव-प्रवेशियों को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी परिवार में आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। आज जनता का जो विश्वास भाजपा के प्रति दिख रहा है। वह हमारी नीतियों और सुशासन की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

### आदिम आस्था और जनजातीय संस्कृति का संरक्षण हमारी प्राथमिकता : विजय शर्मा

भनसुला के कार्यक्रम के बाद उप मुख्यमंत्री दोपहर 1:30 बजे ग्राम पानाबरस पहुंचे। जहां स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासन द्वारा पारंपरिक रूप से उनका भव्य स्वागत किया गया। पानाबरस में आयोजित कार्यक्रम मुख्य रूप से आदिम आस्था स्थलों का संरक्षण, संवर्धन एवं जनजातीय संस्कृति सुरक्षा अभियान को समर्पित था। कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय इष्ट ओंगा देव की पूजा-अर्चना के साथ ही देश व प्रदेश के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान आदिम संस्कृति और प्राचीन परंपराओं को सहेजने के संकल्प के साथ उप मुख्यमंत्री का विशेष अभिनंदन किया गया। जिले के निवासियों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए सरकार और उप मुख्यमंत्री का हृदय से आभार जताया।

इस अवसर पर राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह, लक्ष्मणेंद्र शाहू, रमेश हिडामे, राजू टांडिया, एम.डी. ठाकुर, गिरीश कुबेर, देवलाल दुग्गा, मदन साहू, रेणु टांडिया, राधिका अंधारे, संगीता मिश्रा, राजेश जैन गुजराती, अंबर जोशी, अवधेश त्रिपाठी, किशोर अठभैया, प्रकाश मिश्रा, राजेश सिंगी एवं हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरूष व कलेक्टर श्रीमति तुलिका प्रजापति, एसपी वाय.पी. सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले में जनसंवाद, संगठन विस्तार और जनजातीय संस्कृति के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शाम 4 बजे ग्राम पानाबरस से अपने अगले गंतव्य कबीरधाम के लिए रवाना हो गए। इस पूरे गरिमामयी और संवेदनशील दौरे के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहा। राजनीतिक और प्रशासनिक विश्लेषकों का मानना है कि उप मुख्यमंत्री के इस दौरे से जिले के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और स्थानीय आदिम संस्कृति के संरक्षण प्रयासों को बड़ा बल मिलेगा।

# सैकड़ों ईंट भट्ठों का बेरोकटोक हो रहा संचालन, राजस्व व खनिज विभाग के पास कोई डेटा नहीं, आरटीआई में खुलासा



**सभी संसाधनों का जमकर हो रहा दोहन, पर्यावरण को पहुंच रहा भारी नुकसान, फिर भी जिम्मेदार विभाग मौन**

डोंगरगांव (दावा)। अनुभाग डोंगरगांव के अंतर्गत सैकड़ों ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। जिसके एवज में प्रत्येक संबंधित लोग अपनी जेब गरम करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। वहीं इन अवैध ईंट भट्ठों की कोई भी जानकारी शासकीय रिकार्ड में नहीं है। इसका खुलासा संबंधित विभाग लगाए गए सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मिली जानकारी से हुआ है।

**सभी संसाधनों का जमकर दोहन-फिर कड़ी कार्यवाही क्यों नहीं ?**

बता दें कि डोंगरगांव अनुभाग के अंतर्गत खनिज विभाग से यह जानकारी दी गई कि ईंट भट्ठों की जानकारी चाही गई है, वह निरंक है। इस मामले में एक पत्रकार के द्वारा कुमरदा तहसील के अंतर्गत संचालित ईंट भट्ठों की जानकारी चाही गई थी। जिस पर तहसीलदार कुमरदा ने आवेदन को खनिज विभाग को हस्तांतरित कर दिया था। वहीं खनिज विभाग के द्वारा आखरी समय में यह जानकारी दी गई कि चाही गई जानकारी निरंक है। राजस्व और खनिज विभाग की लापरवाही इस कदर होगी। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, लेकिन जो बातें सामने आई वह चौंकाने वाला है। जानकारी के लिए बता दें कि डोंगरगांव अनुभाग के अंतर्गत कुमर्दा, केरेगांव, बीजेपार, बीजाभांठा, गिरगांव, मारगांव, माहुल झोपड़ी सहित अन्य पहाड़ी के नीचे बसे गांव में खुलेआम ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा खुज्जी से करमरी रोड, उमरवाही रोड, पिनकापर रोड में अनेक ईंट भट्ठे रोड के किनारे संचालित हैं। वहीं कुमरदा तहसील क्षेत्र तो इनका गढ़ बना हुआ है। जहां अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते ये फल फूल रहे हैं।

### पर्यावरण को पहुंचा रहे लगातार नुकसान

लाल ईंट बनाने के लिए लगातार पेड़ों की कटाई जारी है। जो इन ईंट भट्ठों में लकड़ी का जखीरा गवाही देता है। इस मामले में न तो खनिज विभाग ने, न राजस्व ने, न ही वन विभाग ने और न ही पर्यावरण विभाग ने आज तक कोई कार्यवाहीं की है। इन अवैध ईंट भट्ठों के संचालन कर्ताओं पर सभी विभागों के विभिन्न धाराओं के साथ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के तहत कड़ी कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।

### बाहरी लोगों की जानकारी नहीं

ईंट भट्ठों के संचालन का काम मध्यप्रदेश से आये रीवा सतना के प्रवासियों द्वारा किया जाता है। जो वे अपना परिचय पांड़े बनकर देते हैं और इनकी संख्या दिनों दिन काफी बढ़ते जा रही है। ये परिवार यहां बेरोकटोक ईंट भट्ठा लगाकर लाल ईंट का निर्माण करते हैं और इनकी जानकारी न तो राजस्व विभाग के पास है और न ही इससे संबंधित विभाग के पास। इन बाहरी लोगों की जानकारी थाने में भी मुसाफिरी के रूप में दर्ज नहीं की जाती। पंचायतों की जिम्मेदारी होती है कि वे उनके क्षेत्र में हो रहे सभी गतिविधियों पर नजर रखे। लिखित में अपने उच्च कार्यालय को इसकी जानकारी देवें। लेकिन उनके द्वारा भी ऐसे लोगों को खुली छूट देना किसी बड़ी अनहोनी को निमंत्रण दे सकता है। इसके अलावा पंचायत को रायल्टी व अन्य स्रोत से आय का नुकसान हो रहा है। वहीं अवैध ईंट भट्ठों का संचालन करने वाले यह परिवार किसान के नाम का खेत, मिट्टी, पानी और मुफ्त की बिजली और जंगल से लकड़ी का जमकर दोहन कर रहे हैं। बावजूद इसके इन्हें कोई कार्यवाही का डर क्यों नहीं है?

# अर्जुनी में डॉ. पदुमलाल पन्नालाल बख्शी जयंती कार्यक्रम आयोजित



डोंगरगांव (दावा)। नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ. अंजलि अवधिया के निर्देशन में 27 मई को डॉ. पदुमलाल पन्नालाल बख्शी जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी दौरान छात्र - छात्राओं में काजल बीए द्वितीय सेमेस्टर, चंद्रप्रकाश साहू चतुर्थ सेमेस्टर, मुरली साहू चतुर्थ सेमेस्टर इत्यादि ने बख्शी जी के जीवन परिचय और उनके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुरली साहू बीए चतुर्थ सेमेस्टर, नेहा बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, मनी बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, रवीना बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर, गीतांजलि बीए द्वितीय सेमेस्टर आदि ने हिस्सा लिया और जिसमें प्रथम मनी, द्वितीय नेहा तथा तृतीय स्थान मुरली ने प्राप्त किया।

आयोजन में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित बक्शी जी के नाती गजेंद्र बख्शी ने अपने दादाजी के महत्वपूर्ण रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बख्शी जी सरल स्वभाव एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनकी रचनाओं में नई सोच के साथ अच्छे कार्य करने का संकल्प मिलता है। वे गुरु के भांति रचनाओं का सृजन कर नया संदेश देती थी। इसीलिए सभी जनमानस उन्हें मास्टर के नाम से पुकारा करते थे। इसी कड़ी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कृष्ण कुमार द्विवेदी वरिष्ठ प्राध्यापक कमलादेवी राठी महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा बख्शी जी के जीवन इतिहास और साहित्य के रचनाओं पर विस्तार से प्रकार डालते हुए कहा साहित्य समाज का दर्पण होता है। जिसमें लोगों का प्रतिबिंब छुपा हुआ होता है। इस प्रतिबिंब को महान साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से उकेर कर साहित्य सृजन की अमित छाप छोड़ देता है। इसी में बख्शी जी ने झलमला, कारी और क्या लिखूं जैसे साहित्य आम जिंदगी की रेखा को प्रस्तुत किया है। जो कारी नामक रचना से प्रभावित होकर रामचंद्र देशमुख ने भी इस रचना पर कार्य किया। इस प्रकार साहित्य समाज का दर्पण बनकर उसका प्रतिबिंब लोगों में झलकता है और समाज देश में विस्तृत हो जाता है। इसीलिए साहित्यकारों की रचनाओं पर अध्ययन करना चाहिए। अंतिम कड़ी में संस्था प्राचार्य द्वारा बख्शी जी के साहित्य को अनमोल रतन कहते हुए उनके रचनाओं पर शोध अनुसंधान करने की बातें कहकर छात्रों को डायरी लेखन हेतु प्रेरित किया तथा अपने जीवन काल में साहित्य में रुचि रखकर साहित्यिक रचनाओं में अपना योगदान देने की बात कही। जिससे साहित्यिक धरोहर की रंगमंच का लोकार्पण होता है। इस अवसर पर कला, वाणिज्य और विज्ञान के समक्ष छात्र छात्राएं उपस्थित रहे तथा अतिथि व्याख्याता में डॉ. संजू सिंह, डॉ. काव्या जैन, डॉ. हेमलता विरदी, कंचन साहू, हिमानी साहू, चांदनी पराते, संध्या गावरे, योगिता ठाकुर, ज्ञानेश्वर देवांगन, मनोज प्रधान, खेलन साहू, चंद्रकांत कुंभकार तथा अर्जुनी सरपंच ललिता साहू, जनभागीदारी सदस्य ललिता टांडेकर, चानूराम साहू इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे तथा आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभाग शिक्षिका कु. शुभि जैन द्वारा किया गया।

# छुरिया में हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाया गया ईदुल अजहा



छुरिया (दावा)। नगर छुरिया में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदुल अजहा (बकरीद) का पर्व धार्मिक आस्था, उत्साह और भाईचारे के माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचे, जहां विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद छुरिया के पेश इमाम मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने पूरे देश में अमन, शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। इसके पश्चात मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचे। जहां मरहूमीन के हक में दुआएं पेश की गई।

**ईदगाह में अदा की गई विशेष नमाज, देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए मांगी दुआ, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम**

इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर जान मोहम्मद, नायब सदर शकील कुरैशी, सेक्रेटरी आरिफ मेमन, अहमद खान, अलीम खान, तौकीर अहमद खान, हासम अली, अनवर खान, रज्जाक कुरैशी, मेराज रजा, वसीम कुरैशी, दबीज अहमद खान, मोहम्मद गौस खान, अनवारूल हक, कमाल मोहम्मद, परवेज आलम, सलमान खान, फिरोज सिद्दीकी, अकील मेमन, इकबाल खान, मुज़म्मिल खान, इमरान कुरैशी, साजिद खान, सहित बड़ी संख्या में छुरिया एवं आसपास के क्षेत्रों से आए मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी छुरिया कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में रही सुरक्षा व्यवस्था ईदगाह में नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी थाना प्रभारी छुरिया कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा संभाली गई। पुलिस टीम ने मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित किया। मुस्लिम समाज के सदर जान मोहम्मद ने मुस्लिम समाज की ओर से पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए सहयोग और सुरक्षा व्यवस्था के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुस्लिम समाज द्वारा ईद के अवसर पर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग




डोंगरगढ़ (दावा)। ईद उल अजहा के पावन अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा सामाजिक सौहार्द और गौ संरक्षण को लेकर एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। ईद के शुभ अवसर पर शहर में मुस्लिम समाज के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर बैनर लगाकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने तथा देशभर के बूचड़खानों को बंद किए जाने की मांग उठाई।एक ही आवाज के नाम से लगाए गए इन बैनरों में गाय की रक्षा, राष्ट्र की रक्षा जैसे संदेश प्रमुखता से लिखे गए हैं। बैनरों के माध्यम से समाज ने गौ संरक्षण को राष्ट्रहित से जोड़ते हुए लोगों से जागरूकता और संवेदनशीलता की अपील की है।

# मोहारा पुलिस और सायबर सेल द्वारा मोटर पंप चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार



**चोरी गया मोटर पंप एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त, कीमती 80 हजार रुपए**

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रार्थी बोलेश्वर वर्मा निवासी ग्राम गाडाभंवर चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि, उसके खेत में सिंचाई हेतु लगाए गए टेक्समो कंपनी के मशरूम मोटर पंप को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर चौकी मोहारा में अपराध क्रमांक 301/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा भा.पु.से. एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक के मार्गदर्शन में विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना एवं तकनीकी जांच के आधार पर संदेहियों से पूछताछ की गई, जिसमें आरोपीगण द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपीगण विष्णु यादव पिता देवा यादव उम्र 19 वर्ष पता बापुटोला चौकी चिखली, युगेश्वर पटेल पिता यशवंत पटेल उम्र 26 वर्ष, आसू पटेल पिता संतोष पटेल उम्र 18 वर्ष 4 माह पता दोनों निवासी ग्राम गाडाभंवर चौकी मोहारा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से टेक्समो कंपनी का मोटर पंप एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी-08/ बीडी 0139 जप्त किया गया है, कुल कीमती 80 हजार रुपए है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# शहर कांग्रेस कमेटी ने ईदगाह जाकर मुस्लिम भाईयों को दी ईद-उल-अजहा की बधाई



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ शहर कांग्रेस कमेटी ने ईदगाह जाकर सभी मुस्लिम भाइयों को ईद-उल-अजहा की तहेदिल से बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से धीरज मेश्राम, हरीश भंडारी, विजय राज सिंह, दिनेश साखरे, ओम प्रकाश महानदी, तरुण फूल, कृष्ण गुप्ता, जय किशोर अंबादे, गजेंद्र साहू सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में हुए पालंदुर चाकू कांड को लेकर एसपी-आईजी को दिए जांच आदेश



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में आयोजित प्रांतीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण एवं दक्षता वर्ग 2026 का समापन समारोह गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान शिक्षा, राजनीति और कानून व्यवस्था से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बड़े बयान दिए।

**घुमका चुनाव : विकास कार्यों के आधार पर जनता भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी - प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव**

प्रदेश में लंबे समय से अटकी शिक्षक भर्ती को लेकर मंत्री गजेंद्र यादव ने साफ कहा कि भर्ती को लेकर कोई संशय का विषय नहीं है। सरकार द्वारा पद स्वीकृत किए जा चुके हैं। जल्द ही भर्ती का नोटिफिकेशन एवं सिलेबस जारी कर दिया जाएगा। मंत्री के इस बयान के बाद भर्ती की तैयारी कर रहे हजारों युवाओं में नई उम्मीद जगी है।

दीवान झिटिया के सोलर प्लांट भूमि विवाद को संज्ञान में लिया प्रभारी मंत्री ने जिले के ग्राम दीवान झिटिया में सोलर प्लांट की भूमि विवाद को लेकर लगभग 150 भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सामूहिक त्यागपत्र पर मंत्री यादव ने कहा कि, मामला अभी तक उनके संज्ञान में नहीं था। अब पूरे मामले को संज्ञान में लेकर जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के इस बयान के बाद मामले को लेकर राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है।

घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर भी प्रभारी मंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि सरकार ने घुमका को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनाया है। विकास कार्यों के आधार पर जनता भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी। इसी दौरान डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम पलांदूर में आयोजित सुशासन त्योहार कार्यक्रम के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना पर भी मंत्री गजेंद्र यादव ने सख्त रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद एसपी और आईजी को पूरे मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े पदाधिकारी, शिक्षक, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# श्रमदान, स्वच्छता और श्रद्धांजलि के साथ गरिमामय रूप से मनाई गई पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की 132वीं जयंती



खैरागढ़ (दावा)। संगीत, साहित्य और संस्कृति की पावन नगरी खैरागढ़ में हिंदी साहित्य के महान पुरोधा, माटी पुत्र एवं युगद्रष्टा साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की 132वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद खैरागढ़, समस्त सेवाभावी संस्थाओं तथा पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शाला परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 'श्रमदान अपनी मातृभूमि के नाम' विशेष स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजा फतेह सिंह मैदान से हुआ। जहां नगर पालिका परिवार, सामाजिक संगठनों, पत्रकारगण, साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं सेवाभावी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई तथा नगर को स्वच्छ एवं जागरूक बनाने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान के दौरान सहभागीजन हाथों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रेरणादायी संदेश लेकर निकले तथा नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं मातृभूमि के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु जागरूक किया। अभियान एवं श्रमदान के पश्चात सभी सहभागी पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शाला पहुंचे। जहां बख्शी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य अनुराग सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया तथा स्वच्छता अभियान की जानकारी वंदना टांडेकर द्वारा दी गई।

कार्यक्रम को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर एवं शिक्षक डॉ. राजन यादव ने संबोधित किया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने अपने उद्बोधन में डॉ. पदुमलाल पन्नालाल बख्शी के साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में उनकी जयंती पर विशेष आयोजन हेतु संस्कृति विभाग को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित नालंदा परिसर में बख्शी जी की कृतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशेष कक्ष विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में खैरागढ़ को साहित्यिक पहचान दिलाने में बख्शी का अमूल्य योगदान रहा है तथा राज्य शासन द्वारा जारी उत्कृष्ट नगरपालिकाओं की सूची में खैरागढ़ को भी स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन शिक्षक रुपेश कुमार देवांगन ने किया तथा आभार प्रदर्शन शाला विकास समिति के अध्यक्ष शशांक ताम्रकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर बख्शी जी के पौत्र नितेश बख्शी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल, घम्मन साहू, दिनेश वर्मा, डॉ. बिशेसर दास साहू, विकेश गुप्ता, गोरेलाल वर्मा, चंद्रप्रकाश गायकवाड़, पार्षद अजय जैन, रूपेंद्र रजक, जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर, मोटवानी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुनीत राम वर्मा, महेश गिरी, कमलेश कोठले, राजीव सिंह, खलील कुरैशी, इला सिद्दीकी, समसूल होदा खान, याहिया नियाजी, नीलम सिंह राजपूत, गोविंद सोनी, प्रणय मोहबे, उत्तम बागड़े, लता तिवारी, आनंद चोपड़ा, लकेश्वर जघेल, नवीन जैन, नवीन महोबे, संजय फोटानी, सूर्यकांत यादव सहित अनेक समाजसेवी,जनप्रतिनिधि, साहित्यप्रेमी, पत्रकारगण एवं स्थानीय युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## कच्चे तेल में तेजी और वैश्विक अस्थिरता से सोना और चांदी फिसले

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखी गई। इसकी वजह अमेरिका की ओर से ईरान पर ताजा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर अस्थिरता बढ़ना और कच्चे तेल में फिर से तेजी आना है।

दोपहर 12 बजे अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर में सोने का दाम 1.74 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,379 डॉलर प्रति औंस पर था, जबकि कॉमेक्स पर जून फ्यूचर्स के सोने का कॉन्ट्रैक्ट 1.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,376 डॉलर पर था।

सोने की अपेक्षा चांदी में अधिक गिरावट देखी गई। हाजिर में चांदी का दाम 2.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 72.92 डॉलर प्रति औंस पर था। कॉमेक्स पर चांदी का जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 2.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 72.93 डॉलर प्रति औंस पर था। भारतीय बाजार बकरीद ईद की छुट्टी के चलते बंद है। कमोडिटी बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर जारी अनिश्चितता के कारण निवेशकों के सतर्क रहने से सोने पर दबाव बना रहा।

अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बना हुआ है और दोनों देशों के बीच प्रमुख विवाद के मुद्दों में ईरान का होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण बनाए रखने और अपने परमाणु कार्यक्रम को संरक्षित करने की मांग शामिल है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वाशिंगटन ईरान की इन दोनों मांगों को नहीं मानेगा।

## अब इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप चलाने के लिए देने पड़ेंगे पैसे

नई दिल्ली। मेटा ने अपने सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स के लिए नए पेड सब्सक्रिप्शन प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है। इन नए प्लान्स का असर इंस्टाग्राम, फेसबुक और वॉट्सऐप यूजर्स पर पड़ेगा। कंपनी ने इन सेवाओं को वैश्विक स्तर पर पेश किया है, जिसमें भारत भी शामिल है। कंपनी अब अपने ऐप्स के लिए प्लस वर्जन ला रही है। इसके तहत भुगतान करने वाले यूजर्स को एक्सक्लूसिव टूल्स, अतिरिक्त कस्टमाइजेशन फीचर्स और प्रीमियम अनुभव मिलेगा, जो मुफ्त वर्जन में उपलब्ध नहीं होंगे। मेटा का यह कदम कंपनी की कमाई के स्रोतों को विविध बनाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अब कंपनी केवल विज्ञापन आधारित मॉडल पर निर्भर नहीं रहना चाहती और सब्सक्रिप्शन आधारित रेवेन्यू बढ़ाने पर जोर दे रही है।



### क्या होगी कीमत?

इंस्टाग्राम प्लस और फेसबुक प्लस की कीमत 3.99 डॉलर (करीब 387 रुपये) प्रति माह रखी गई है, जबकि वॉट्सऐप प्लस के लिए यूजर्स को 2.99 डॉलर (करीब 290 रुपये) मासिक शुल्क देना होगा। हालांकि, भारत के लिए आधिकारिक कीमतों की घोषणा अभी नहीं की गई है।

## ट्रेन यात्रियों को झटका, स्टेशन पर खाने-पीने के बढ़े दाम

नई दिल्ली। रेल यात्रियों को जून की शुरुआत से बड़ा झटका लगने वाला है। रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाला खान-पान अब पहले के मुकाबले महंगा हो जाएगा। सेंट्रल रेलवे ने खाने-पीने की वस्तुओं की नई रेट लिस्ट जारी करते हुए 1 जून से संशोधित कीमतें लागू करने का फैसला किया है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक लंबे समय से फूड आइटम्स की कीमतों में बदलाव लंबित था। कैटरिंग वेंडर्स लगातार बढ़ती लागत और महंगाई का हवाला देते हुए दाम बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने स्टेशन पर बिकने वाले कई खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। सेंट्रल रेलवे का कहना है कि बढ़ती लागत के साथ-साथ यात्रियों को बेहतर गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराने के लिए यह फैसला लिया गया है। नई दरें रेलवे स्टेशनों पर संचालित माइनर स्टैटिक कैटरिंग यूनिट्स पर लागू होंगी। यानी 1 जून के बाद स्टेशन पर चाय, कॉफी, स्नैक्स या अन्य खाद्य सामग्री खरीदने पर यात्रियों को पहले से ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। रेलवे द्वारा जारी नई सूची के अनुसार कुल 33 खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ाए गए हैं, जबकि 16 आइटम्स की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि इस फैसले का असर रोजाना रेल यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों की जेब पर पड़ेगा। हालांकि रेलवे ने यह स्पष्ट किया है कि कीमतों में संशोधन के बावजूद गुणवत्ता और स्वच्छता के मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अब यात्रियों की नजर इस बात पर रहेगी कि बढ़ी हुई कीमतों के साथ सेवा और भोजन की गुणवत्ता में कितना सुधार देखने को मिलता है।



# नॉर्वे चेस : प्रग्गनानंदा ने रोमांचक मुकाबले में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन को हराया




ओस्लो। नॉर्वे चेस 2026 टूर्नामेंट के राउंड तीन में एक और रोमांचक मुकाबला खेला गया। भारतीय स्टार खिलाड़ी प्रग्गनानंदा रमेशबाबू ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्लासिकल चेस में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। प्रग्गनानंदा ने धीरे-धीरे एक लंबे गेम में कार्लसन को पीछे छोड़ दिया और ज्यादातर समय तक कंट्रोल में दिखे। हालांकि, समय की भारी कमी के कारण मैच का रुख बदल गया और कार्लसन ने इसका फायदा उठाते हुए बढ़त हासिल कर ली। कुछ देर बाद, नॉर्वे के स्टार ने दबाव में आकर एक बड़ी गलती कर दी, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा।

वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डोमराजू और टूर्नामेंट लीडर अलीरेजा फिरौजा ने एक तनावपूर्ण मुकाबले के बाद एक कड़ा क्लासिकल ड्रॉ खेला। फिरौजा ने बाद में आर्मागेडन गेम में जीत हासिल की और अतिरिक्त पॉइंट हासिल किए और टूर्नामेंट में अपनी मजबूत शुरुआत बनाए रखी।विन्सेंट कीमर और वेस्ली सो के बीच बचा हुआ क्लासिकल गेम भी एक संतुलित संघर्ष के बाद ड्रॉ पर खत्म हुआ। वेस्ली सो ने अतिरिक्त पॉइंट्स इकट्ठा करके आर्मागेडन गेम को अपने नाम कर लिया। तीसरे राउंड के बाद, फिरोजा एक और शानदार प्रदर्शन के बाद तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई हैं।

नॉर्वे चेस विमेंस में एक बार फिर करीबी मुकाबले देखने को मिले। तीन क्लासिकल मुकाबले ड्रॉ पर खत्म हुए और फिर मैच के नतीजे का फैसला आर्मागेडन से हुआ। मौजूदा विमेंस वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन और झू जिनर ने एक तनावपूर्ण मुकाबला खेला जो आखिर में ड्रॉ पर खत्म हुआ। झू जिनर ने एक समय अच्छी बढ़त बनाई हुई थी, लेकिन वह इसे जीत में नहीं बदल पाई। झू ने बाद में आर्मागेडन गेम में जीत हासिल करके अतिरिक्त पॉइंट्स हासिल किए। एना मुजीचुक और हंपी कोनेरू ने भी एक संतुलित संघर्ष के बाद अपना क्लासिकल गेम ड्रॉ पर खत्म किया। मुजीचुक ने बाद में आर्मागेडन गेम में जीत हासिल करके अतिरिक्त पॉइंट्स हासिल किए। क्लासिकल चेस में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही और अंत में खेल ड्रॉ पर खत्म हुआ।

# आईसीसी ने महिला टी20 वर्ल्ड कप के लिए किया मैच ऑफिशियल्स के नामों का ऐलान



नई दिल्ली। आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 12 जून से होगी जिसमें पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका की टीम के बीच में खेला जाएगा। इस मेगा टूर्नामेंट का पिछला संस्करण साल 2024 में खेला गया था, जिसको न्यूजीलैंड की टीम ने अपने नाम किया था। इस बार उनके लिए टाइटल को डिफेंड करना आसान काम नहीं रहने वाला है। इसी बीच आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने के कुछ दिन पहले ग्रुप स्टेज के मुकाबलों के लिए मैच ऑफिशियल्स के नामों का ऐलान कर दिया है। इसमें कुल 14 अंपायर और चार मैच रेफरी को जगह मिली है। महिला टी20 वर्ल्ड कप का ये लगातार तीसरा संस्करण होगा जिसमें आईसीसी की तरफ से टूर्नामेंट के लिए घोषित किए गए मैच ऑफिशियल्स में सभी महिलाओं को शामिल किया गया है। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में फाइनल सहित कुल 33 मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें इस बार शामिल की गई 14 मैच ऑफिशियल्स और चार मैच रेफरी में से 9 सदस्य ऐसे हैं जो साल 2024 के पिछले वर्ल्ड कप के एडिशन का भी हिस्सा रही थीं। मैच ऑफिशियल्स के इस ग्रुप में सबसे अनुभवी सदस्य को लेकर बात की जाए तो वह ऑस्ट्रेलिया की क्लेयरे पोलोसाक हैं जो छठी बार टूर्नामेंट में जिम्मेदारी संभालेंगी, जिसमें उन्होंने कुल 22 मैचों में अंपायरिंग की है।

# पाकिस्तान को टेस्ट रैंकिंग में भी भयंकर नुकसान, कहां है टीम इंडिया

नई दिल्ली।आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी पाकिस्तान क्रिकेट टीम को भयंकर नुकसान हुआ है। टीम अब दो और पायदान नीचे चली गई है। बांग्लादेश से लगातार दो टेस्ट हारने के बाद टीम की ये हालत हुई है। वहीं जीत से बांग्लादेश की टीम को फायदा हुआ है। यहां हम आपको ये भी बताएंगे कि इस रैंकिंग में इस वक्त टीम इंडिया आखिर कहां है।



टेस्ट रैंकिंग में फिर से बदलाव होने शुरू हो गए हैं। आईसीसी ने 20 मई तक की रैंकिंग को अपडेट कर दिया है। यानी बांग्लादेश बनाम पाकिस्तान टेस्ट सीरीज के बाद इसे अपडेट किया गया है। अभी की ताजा स्थिति पर नजर डालें तो पता चलता है कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का पहले नंबर पर कब्जा बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग अभी 131 की चल रही है। इसके बाद दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका की टीम है। उसकी रेटिंग 119 की है। यानी पहले और दूसरे नंबर की टीम के बीच फासला काफी ज्यादा है। इसका मतलब ये है कि ऑस्ट्रेलिया की पहले नंबर की टीम को अभी फिलहाल कोई खतरा नजर नहीं आ रहा है। टीम इंडिया की बात की जाए तो वे अभी तीसरे नंबर पर है। भारत की रेटिंग आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 104 की है। पिछले कुछ वक्त में भारतीय टीम का प्रदर्शन टेस्ट में कुछ खास नहीं रहा है, यही वजह है कि उसे तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ रहा है।

# ऐतिहासिक बना आरआर बनाम एसआरएच मुकाबला, छक्कों का नया रिकॉर्ड हुआ कायम

न्यू चंडीगढ़। आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 47 रनों से हराया। इस मुकाबले में छक्कों का नया रिकॉर्ड कायम हुआ। दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर इस मैच में 26 छक्के लगाए। आईपीएल के एक प्लेऑफ मुकाबले में लगे यह सर्वाधिक छक्के भी हैं।



इससे पहले साल 2025 में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच हुए एलिमिनेटर मैच में दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने मिलकर 25 छक्के लगाए थे। बुधवार को महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों ने कुल 17 छक्के लगाए, जिसमें से 12 छक्के वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से आए। वहीं, एसआरएच के बल्लेबाजों ने मैच में कुल 9 छक्के लगाए।

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत शानदार रही। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने मिलकर पहले विकेट के लिए सिर्फ 48 गेंदों में 125 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाई। यशस्वी ने 29 गेंदों में 29 रन बनाए। वहीं, वैभव ने ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए महज 29 गेंदों में 97 रनों की तूफानी पारी खेली। वैभव ने अपनी पारी में 5 चौके और 12 छक्के लगाए। वहीं, ध्रुव जुरेल ने 21 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। कप्तान रियान पराग ने 12 गेंदों में 26 रन बनाए, तो रविंद्र जडेजा ने 9 गेंदों में नाबाद 12 रन बनाए।

244 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की पूरी टीम 196 रन बनाकर ऑलआउट हुई। अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, ट्रेविस हेड 17 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर का शिकार बने। ईशान किशन ने 11 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली, लेकिन वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। हेनरिक क्लासेन एलिमिनेटर मुकाबले में बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह 10 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश कुमार रेड्डी ने एसआरएच की ओर से सर्वाधिक 38 रन बनाए, तो साहिल अरोड़ा ने 35 रनों का योगदान दिया। अंत के ओवरों में शिवांग कुमार ने 27 रन बनाए। आरआर की ओर से गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए, जबकि नांद्रे बर्गर, सुशांत मिश्रा और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट चटकाए।

# क्रिकेट वेस्टइंडीज ने किया घरेलू सीजन के शेड्यूल का ऐलान कैरेबियाई टीम करेगी श्रीलंका, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की मेजबानी



सेंट जॉन्स। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने साल 2026 के घरेलू सीजन के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। कैरेबियाई टीम श्रीलंका, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की मेजबानी करेगी। घरेलू सीजन का मुख्य आकर्षण श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली दो-दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज होगी, जो आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल का हिस्सा होगी। घरेलू सीजन की शुरुआत जमैका में 3-14 जून तक श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के साथ होगी, जिसमें तीन वनडे और इतने ही टी20 इंटरनेशनल मैच होंगे। इसके बाद दोनों टीमों के बीच दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। पहला टेस्ट 25-29 जून तक खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 3-7 जुलाई तक खेला जाना है। टेस्ट सीरीज के दोनों मुकाबलों की मेजबानी एंटीगुआ करेगा।

इसके बाद कैरेबियाई टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मुकाबलों की वनडे सीरीज खेलेगी। 11, 13 और 16 जुलाई को शुरुआती तीन वनडे मुकाबलों की मेजबानी गुयाना करेगा, जबकि 19 और 21 जुलाई को होने वाले आखिरी दो वनडे मुकाबले बारबाडोस में खेले जाएंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक रिलीज में कहा, ÷फाइनल शेड्यूल के हिस्से के तौर पर बारबाडोस को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनेशनल सीरीज के लिए होस्ट वेन्यू के तौर पर जोड़ा गया है, और अब आखिरी दो मैच वहीं खेले जाएंगे।÷

वेस्टइंडीज घरेलू सीजन की आखिरी सीरीज पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। दोनों टीमों के बीच दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला 25-29 जुलाई और दूसरा टेस्ट 2-6 अगस्त तक खेला जाना है। इस टेस्ट सीरीज की मेजबानी त्रिनिदाद और टोबैगो करेगा। ब्रायन लारा क्रिकेट एकेडमी के लिए यह सीरीज ऐतिहासिक साबित होगी और यह मैदान पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा।

### श्रीलंका सीरीज का शेड्यूल :

पहला वनडे : 3 जून, सबीना पार्क, जमैका
दूसरा वनडे : 6 जून, सबीना पार्क, जमैका
तीसरा वनडे : 8 जून, सबीना पार्क, जमैका
पहला टी20 इंटरनेशनल : 11 जून, सबीना पार्क, जमैका
दूसरा टी20 इंटरनेशनल : 13 जून, सबीना पार्क, जमैका
तीसरा टी20 इंटरनेशल : 14 जून, सबीना पार्क, जमैका
पहला टेस्ट : 25-29 जून, सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम, एंटीगुआ और बारबुडा
दूसरा टेस्ट : 3-7 जुलाई, सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम, एंटीगुआ और बारबुडा

न्यूजीलैंड सीरीज का शेड्यूल :
पहला वनडे : 11 जुलाई, गुयाना नेशनल स्टेडियम, गुयाना
दूसरा वनडे : 13 जुलाई, गुयाना नेशनल स्टेडियम, गुयाना
तीसरा वनडे : 16 जुलाई, गुयाना नेशनल स्टेडियम, गुयाना
चौथा वनडे : 19 जुलाई, केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस
पांचवां वनडे : 21 जुलाई, केंसिंग्टन ओवल, बारबाडोस

पाकिस्तान सीरीज का शेड्यूल :
पहला टेस्ट : 25-29 जुलाई, ब्रायन लारा क्रिकेट एकेडमी, त्रिनिदाद एंड टोबैगो
दूसरा टेस्ट : 2-6 अगस्त, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद एंड टोबैगो

## केन्या : गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल के हॉस्टल में भीषण आग, 16 छात्राओं की मौत

नई दिल्ली। केन्या के नकुरु काउंटी स्थित गिलगिल के उतुमिशी गर्ल्स अकादमी के छात्रावास में देर रात आग लग गई। आग लगने से अब तक 16 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 79 छात्राएं घायल हैं। जिनका उपचार जारी है।

केन्या के गिल्गिल में स्थित उतुमीशी गर्ल्स स्कूल के हॉस्टल में बीती रात अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह अभी साफ नहीं है, लेकिन राहत और बचाव कार्य जारी है। शिक्षा मंत्री जूलियस ओगाम्बा ने बताया कि 79 अन्य लोग घायल हुए हैं। यह आग गिलगिल इलाके में स्थित 'उतुमिषी गर्ल्स स्कूल' नाम के बोर्डिंग स्कूल के छात्रावासों में लगी थी। इस स्कूल में 800 से ज्यादा छात्राएं पढ़ती हैं। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**नवा रायपुर को मिलेगी नई....**

अप्रैल 2025 में देश की चार मल्टी ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी थी, जिसमें यह प्रोजेक्ट भी शामिल था। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक लाइन शुरू होने के बाद रायपुर और आसपास के इंडस्ट्रियल एरिया के लिए माल ट्रांसपोर्ट का नया विकल्प तैयार होगा। इसका फायदा बलौदाबाजार और आसपास के सीमेंट प्लांट, स्टील यूनिट और दूसरे उद्योगों को भी मिलेगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक नवा रायपुर-खरसिया-परमालकसा रेल परियोजना को पांचवीं और छठवीं लाइन के तौर पर डेवलप किया जाएगा। इससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के व्यस्त रेल नेटवर्क पर दबाव कम होगा और नई राजधानी क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी पहले से ज्यादा मजबूत होगी। फिलहाल नवा रायपुर को राजिम रेल कॉरिडोर से जोड़ने की योजना पर भी काम चल रहा है। वहीं अब रायगढ़ की दिशा में नई रेल लाइन बनने से राजधानी क्षेत्र के विस्तार को भी रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

**न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार, जज....**

का सेवन करते हुए दिखाया गया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि इस तरह के दृश्य न्यायपालिका की छवि खराब करते हैं और संविधान की भावना के खिलाफ हैं। साथ ही फिल्म निर्देशक पर न्यायिक व्यवस्था को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि कोर्ट ने कहा कि फिल्मों में नाटकीयता आम बात है और इसे कलात्मक अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। अदालत ने माना कि कलाकार को अपनी बात अपने तरीके से रखने की स्वतंत्रता है, बशर्ते वह कानून का उल्लंघन न करे। कोर्ट ने फिल्म को कला की अभिव्यक्ति बताते हुए प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया।

**बलौदाबाजार हिंसा- भीड़ को उकसाकर......**

आरोप है कि वहां छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने मंच से भड़काऊ भाषण देकर भीड़ को उग्र कर दिया। इसके बाद हिंसक हुई भीड़ ने बैरिकेड्स तोड़ते हुए कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय परिसर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। सैकड़ों वाहनों में आग लगा दी गई और कलेक्टोरेट भवन को भी आग के हवाले कर दिया गया। इस दौरान बीच-बचाव कर रहे और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और जवानों पर लाठियों, पत्थरों और लोहे की रॉड से हमला किया गया, जिसमें कई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के संस्थापक अमित बघेल, अजय यादव, दिनेश वर्मा समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसी मामले में अमित बघेल, अजय यादव और दिनेश वर्मा ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान अमित बघेल के वकील ने तर्क दिया कि, 10 जून को बलौदाबाजार में हिंसा के समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच वे अपनी पत्नी ईश्वरी बघेल के साथ रजिस्ट्रार कार्यालय में मौजूद थे। वकील ने बताया कि उस दौरान संजय कुमार सोनी के पक्ष में रजिस्ट्री की प्रक्रिया चल रही थी। हालांकि हाईकोर्ट ने इस दावे को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पेश दस्तावेजों में ऐसा कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि घटना के समय अमित बघेल रजिस्ट्रार कार्यालय में मौजूद थे। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह दलील सच्चाई से परे नजर आती है।

**त्विषा शर्मा की सास पूर्व जज गिरिबाला....**

हुए जमानत दे दी थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने बुधवार को 17 पन्नों के आदेश में इस जमानत को निरस्त कर दिया। गुरुवार सुबह दस बजे सीबीआई की विशेष टीम महिला पुलिसकर्मियों के साथ बागमुगालिया एक्सटेंशन स्थित गिरिबाला सिंह के घर पहुंची थी। समर्थ सिंह को भी लेकर सीबीआई की टीम गिरिबाला सिंह के यहां गई थी। दोनों को कुछ देर तक आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई, इसके बाद एक टीम समर्थ सिंह को लेकर विशेष स्थान पर चली गई। भोपाल पुलिस के सूत्रों के अनुसार सुबह दस बजे से तीन बजे तक की पूछताछ के बाद ही सीबीआई गिरिबाला सिंह की गिरफ्तारी की पटकथा तैयार कर ली थी। तीन बजे भोपाल पुलिस आयुक्त को सूचना देकर सीबीआई ने गिरिबाला सिंह के घर के बाहर विशेष सुरक्षा टीम तैनात करने की मांग की थी। इसके बाद आनन-फानन में बागसेवनिया, मिसरोद और कटारा हिल्स थाने के पुलिसकर्मियों के साथ भारी पुलिस बल गिरिबाला सिंह के बाहर सुरक्षा में बैरिकेडिंग्स कर तैनात किया गया। सीबीआई की एक अलग टीम सुबह दस बजे से ही गिरिबाला सिंह के घर के चारों तरफ सुरक्षा घेरा बनाकर रखी थी। सीबीआई की रिमांड पर चल रहे गिरिबाला सिंह के बेटे समर्थ सिंह 29 मई को कोर्ट में पेश किए जाएंगे। गिरिबाला सिंह का मेडिकल कराया जा रहा है। सीबीआई की टीम 6 बजे गिरिबाला को एम्स ले जाने के लिए घर से निकल चुकी है। मेडिकल कराए जाने के बाद उन्हें आज देर शाम या कल सुबह सीबीआई की विशेष अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

**बीजेपी विधायक रामकुमार टोप्पो.....**

के बाद बुधवार को उन्होंने काम संभाला. उसी दिन एक महिला अधूरे दस्तावेज लेकर पहुंची, जिसे उन्होंने पूरा करने को कहा. आरोप है कि बाद में दूसरी महिला तत्काल हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने लगी, जिसे उन्होंने नियमानुसार अगले दिन तक इंतजार करने को कहा. नायब तहसीलदार ने आरोप लगाया कि बाद में विधायक के निजी सहायक ने उन्हें राजापुर बुलाया, जहां विधायक अपने समर्थकों के साथ मौजूद थे. उनका कहना है कि वहां पहुंचने पर कुछ समर्थकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी. उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक ने भी कथित रूप से उन्हें पीटा, जबकि एसडीएम के हस्तक्षेप से उनकी जान बच पाई. एसडीएम फागेश सिन्हा ने भी पुष्टि की कि नायब तहसीलदार के साथ मारपीट की घटना हुई है. वहीं, विधायक की चचेरी बहन सीमा धनकी ने नायब तहसीलदार पर दुर्व्यवहार, धक्का देने और अभद्र भाषा का उपयोग करने का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि उन्होंने 14 मई को आवेदन दिया था और कई बार कार्यालय जाने के बावजूद काम नहीं किया गया. सीमा धनकी ने दावा किया कि अधिकारी ने उनके साथ बदसलूकी की और जातिसूचक टिप्पणी भी की, जिसके चलते उन्होंने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायतें दर्ज की गई हैं. उन्होंने मामले की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम को मौके पर जांच के निर्देश दिए थे. कलेक्टर ने कहा कि पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. जिले के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**ईरान के बाद ओमान को ट्रम्प की धमकी.....**

स्ट्रेट पर उसका कंट्रोल कायम है और किसी भी तरह की दखलअंदाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। ईरानी मीडिया के मुताबिक उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि अमेरिका सैन्य कार्रवाई के जरिए होर्मुज स्ट्रेट में ईरान की पकड़ कमजोर करना चाहता है, लेकिन तेहरान ऐसा नहीं होने देगा।

# महासमुंद के बहुचर्चित एलपीजी गैस कांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार



90 लाख में बेचा था माल

महासमुंद। जिले में करोड़ों रुपये की एलपीजी गैस चोरी और कालाबाजारी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महासमुंद पुलिस ने बहुचर्चित गैस गबन कांड के मुख्य आरोपित संतोष सिंह ठाकुर और उसके पुत्र सार्थक सिंह ठाकुर को महाराष्ट्र के कोल्हापुर से गिरफ्तार किया है। दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए होटल में छिपकर रह रहे थे।

पुलिस के अनुसार मामले में पहले ही जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव, गौरव गैस एजेंसी के मैनेजर पंकज चंद्राकर, ठाकुर पेट्रो केमिकल के कर्मचारी निखिल वैष्णव और मनीष चौधरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में सामने आया कि एलपीजी गैस को करीब 90 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया गया था। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि घटना के बाद से संतोष सिंह ठाकुर और उसका पुत्र सार्थक फरार थे। उनकी तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीमें रायपुर, कवर्धा, छुईखदान, कान्हा-किसली, कोलकाता, पुणे, मुंबई और कोल्हापुर तक भेजी गई थीं। पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा डेटा और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपितों की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद सूचना मिली कि दोनों आरोपित कोल्हापुर के न्यू चालुक्य होटल में छिपे हुए हैं। स्थानीय पुलिस की मदद से दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# युवा कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव : आज से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, पांच जोन में बंटेगा प्रदेश



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और युवाओं को नेतृत्व का अवसर देने के लिए संगठनात्मक चुनाव 2026 का बिगुल फूंक दिया है। राजनांदगांव जिले सहित पूरे प्रदेश में ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठन के गठन हेतु चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस सांगठनिक चुनाव के तहत आगामी 29 मई से ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन और सदस्यता अभियान की अधिकृत तारीखों का ऐलान होना अभी बाकी है।

### 14 जून तक जमा होंगे ऑनलाइन फॉर्म, एक व्यक्ति-एक पद का नियम लागू

चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार 29 मई से 14 जून 2026 तक अपना नामांकन ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकेंगे। वहीं, प्रदेश कार्यकारिणी के पदों हेतु नामांकन 11 जून से 13 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। पूरी चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इसे ऑनलाइन मोड पर रखा गया है। नामांकन के बाद 15 जून से 18 जून तक स्क्रूटनी (दस्तावेजों की जांच) की प्रक्रिया चलेगी। खास बात यह है कि इस बार चुनाव प्रक्रिया एक व्यक्ति-एक पद के सिद्धांत पर आधारित रहेगी, यानी कोई भी उम्मीदवार केवल एक ही पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकेगा।

### नामांकन के साथ 8 सेकंड का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य

युवा कांग्रेस का सदस्य बनने तथा चुनाव लड़ने के लिए आवेदक की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य किया गया है।

### ये दस्तावेज होंगे जरूरी

आवेदन करते समय उम्मीदवारों को अपना लाइव फोटो, वोटर आईडी कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज डिजिटल रूप में अपलोड करने होंगे। इसके साथ ही उम्मीदवारों को एक 8 सेकंड का वीडियो भी अपलोड करना होगा, जिसमें वे स्वयं अपने आवेदन और दावेदारी से संबंधित जानकारी देते नजर आएंगे।

### सामाजिक संतुलन के लिए समितियों का बड़ा ढांचा

संगठन में समाज के प्रत्येक वर्ग और समुदायों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए विशेष मॉडल तैयार किया गया है। इसके तहत जिला अध्यक्ष की समिति में कुल 14 सदस्य होंगे, जिनमें विभिन्न वर्गों को स्थान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर महासचिवों की 23 सदस्यीय जंबो समिति का भी गठन किया जाएगा, जिससे युवाओं को काम करने का बड़ा मंच मिल सके। निष्पक्ष चुनाव संचालन के लिए पूरे प्रदेश को पांच जोन में विभाजित किया जा रहा है, जहां नियुक्त अधिकारियों की निगरानी में मतदान संपन्न होगा।

### जिला अध्यक्ष पद के लिए इन नामों की चर्चा तेज

चुनावी तारीखें सामने आते ही राजनांदगांव जिले में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। जिला अध्यक्ष पद के लिए प्रमुख दावेदारों में आफताब अहमद, विशु अजमानी, अमर झा, ऋषि शास्त्री और विप्लव शर्मा के नामों की चर्चाएं राजनीतिक गलियारों में जोरों पर हैं। वहीं, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए भी कई ऊर्जावान युवा कार्यकर्ता सक्रिय होकर अपनी गोटियां बिछाने में जुट गए हैं।

# शिक्षकों की अनोखी पहल: मेधावी छात्रों को घर-घर जाकर पालकों के सामने किया सम्मानित



हरदी (दावा)। हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा 2025-26 में शाला स्तर पर प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं व उनके पालकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के व्याख्याता अजय पाठक व व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने नवाचार करते हुए अनोखी पहल की और सभी विद्यार्थियों के घर-घर जाकर उनको तथा उनके पालकों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी। उनका मानना है कि अक्सर विद्यार्थियों को विद्यालय के मंच पर सम्मान प्राप्त होता है, लेकिन उनके घर-घर जाकर सम्मान व बधाई देने से पूरे परिवार तथा समाज में शिक्षा के प्रति एक विशेष दृष्टिकोण पनपता है। एक सकारात्मक संदेश प्रसारित होता है। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है।

शिक्षकों ने कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर आए मयंक देवांगन 89.4, द्वितीय त्रिलोक चंद 87.6, तृतीय रोशन लाल तथा अभिषेक देवांगन 86 प्रतिशत अंक अर्जित किया वहीं कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पर छवि साहू ने 91.5, द्वितीय भावना सुधाकर 91 तथा तृतीय प्रियल बोरकर 88.5त्न अंक प्राप्त कर अपना, अपने परिवार का तथा शाला का नाम रोशन करने वाले सभी विद्यार्थियों को विशेष उपहार देकर उनका उत्साह वर्धन किया। व्याख्याता अजय पाठक व व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों के विशेष भ्रमण से व उपहार पाकर विद्यार्थियों व उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी दिख रही थी। अभिभावकों ने भावुक होकर शिक्षकों व शाला परिवार का आभार माना।

# घुमका में कांग्रेस के पक्ष में बन रहा सकारात्मक माहौल जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी ताकत - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत घुमका चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन लगातार सक्रियता के साथ जनसंपर्क अभियान चला रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 9 में वार्ड अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती फुलमती वर्मा एवं वार्ड पार्षद प्रत्याशी श्रीमती उषा वर्मा के साथ वार्ड में व्यापक जनसंपर्क एवं चुनावी दौरा किया गया। इस दौरान घर-घर पहुंचकर आम नागरिकों, माताओं-बहनों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों से मुलाकात कर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि कांग्रेस सदैव जनहित, विकास और सामाजिक समरसता की राजनीति करती आई है। घुमका की जनता आज विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की सोच के साथ मजबूती से खड़ी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जनता का अपार स्नेह, विश्वास एवं समर्थन यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि नगर में कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित हो चुका है।

उन्होंने आगे कहा कि यह चुनाव केवल प्रतिनिधियों के चयन का नहीं, बल्कि नगर के सम्मान, विकास और आम जनता की आवाज को मजबूत करने का चुनाव है। कांग्रेस प्रत्याशी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह नागरिकों ने आत्मीय स्वागत कर कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयश्री का आशीर्वाद प्रदान किया।

# विजय कुमार नायक एवं शैलेन्द्र ठाकुर को दी भाव भीनी बिदाई



खुज्जी (दावा)। जिला सहकारी बैंक शाखा खुज्जी मे पदसथ प्रवेछक विजय कुमार नायक एवं सहायक लेखापाल शैलेन्द्र कुमार ठाकुर के स्थानांतर होने पर शाखा खुज्जी के अंतर्गत आने वाले सहकारी समिति खुज्जी खुर्शीपार, किरगी, सोने सरार रतन भाट, गीदरी, संबलपुर, उमंरवही, गोडलवही, पांगरी सोसायटी के समिति प्रबंधकों एवं कर्म चारियों ने बिदाई समारोह आयोजित कर सम्मान पूर्वक बिदाई दी। बिदाई समारोह मे समस्त समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी सदस्यों सहित प्रबंधक एवं लिपिक आपरेटर एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में विक्रांत सिंह ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



खैरागढ़ (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के तहत ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत जालबांधा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पहुंचते ही विक्रांत सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली और निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से जांच कर समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विक्रांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, तपती धूप के बावजूद प्रशासन का गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण किट का वितरण किया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से पात्र हितग्राहियों को सामग्री एवं लाभ वितरण भी अतिथियों के हाथों कराया गया, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस दौरान विक्रांत सिंह ने शिविर में उपस्थित महिलाओं एवं आमजनों की समस्याएं भी गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि, हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तंकेश्वर प्रसाद साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य घम्मन साहू, जिला पंचायत सभापति दिनेश वर्मा जनपद पंचायत सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, सरपंच संघ अध्यक्ष दिलेश्वर यदु सहित सरपंच संतोषी वर्मा, मुकेश वर्मा, चंद्रकांत जायसवाल, राजेन्द्र वर्मा, डॉ. चंदू वर्मा, गोरेलाल वर्मा, दुलार कोसरे, जयप्रकाश साहू, दुलेश्वर साहू, आशीष राजपूत एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# प्रतिभा मंच के मोहताज नहीं होते - दिनेश कोरेटी



छत्तीसगढ़ी ठुमका के कलाकार का सम्मान

कल्लूबंजारी (दावा)। गत रविवार को आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ का सामाजिक बैठक ग्राम बैगाटोला (बोरतलाव) के अमरैया छांव में सम्पन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रथम टीवी रियलिटी शो आईबीसी 24 के छत्तीसगढ़ी ठुमका में शानदार व मनमोहक प्रस्तुति देकर राजनांदगाँव जिले का नाम रौशन करने वाले सखी डांस ग्रुप बूचाटोला के आठ सदस्यी कलाकारों में शामिल आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज से ताल्लुकात रखने वाली प्रतिभावान नन्हें कलाकार कु.दिशा हार में पिता अनिल हारमें ग्राम बूचाटोला का समाज की ओर से समाज प्रमुखों द्वारा शाल-श्रीफल भेंटकर, नगद राशि प्रदान कर एवं सादा चांवल का टीका लगाकर सम्मानित किया, बधाई दिया तथा निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने कहा कि, वनांचल ग्राम बूचाटोला के नन्हे कलाकारों ने अपने कला प्रतिभा को राजधानी रायपुर में चल रही छत्तीसगढ़ के प्रथम टीवी रियलिटी शो आईबीसी 24 के छत्तीसगढ़ी ठुमका के माध्यम से शानदार व मनमोहक प्रस्तुतिकरण करके अपने स्वयं सहित अपने माता-पिता, गुरूजनों एवं समाज का नाम रौशन किया है। प्रतिभा कभी किसी मंच की मोहताज नहीं होते। प्रतिभाओं को उचित मंच एवं अवसर प्रदान कर तराशा जाये तो बड़ी ऊंचाई को प्राप्त कर सकते है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण सखी डांस ग्रुप बूचाटोला के नन्हे कलाकार हैं। प्रतिभावान कलाकार को सम्मानित करते हुए हमें भी गौरव का अनुभव हो रहा है।

सखी डांस ग्रुप बूचाटोला के कलाकारों ने राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व कर पूरे राजनांदगाँव जिले को गौरवान्वित किये है। ऐसे प्रतिभावान कलाकारों पर हमारे समाज को बहुत नाज है। सभा को उपस्थित सभी समाज प्रमुखों ने संबोधित किया तथा गत सात एवं आठ फरवरी को सफलता पूर्वक आयोजित सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक कार्यशाला की समीक्षा कर आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। बैठक का संचालन एवं आय-व्यय की जानकारी सचिव समन लाल उइके ने दिया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक दिलीप कोरेटी, महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष भागवत राम पुरामें, कोषाध्यक्ष रेवसिंह उइके, महिला अध्यक्ष अंबिका सलामें, युवा अध्यक्ष तोमन आचले, कर्मचारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार दुग्गा, सलाहकार गिरधारी गोटे, संगठन मंत्री मोजलाल मंडावी, सर्कल अध्यक्षगण भूषण सलामें, सामलू तारम, शंकर मंडावी, प्रकाश मंडावी, दुखूराम हुर्रे, उपाध्यक्षगण अनिल हारमें, उदेसिंह कोमरे, नंदू टेकाम, सचिवगण नरेश सलामें, फूलसिंह ताराम, युवा प्रभाग के सर्कल अध्यक्षगण रूपेश कल्लो, संतलाल उसेण्डी, गोवर्धन मर्सकोले आदि सहित छुरिया-डोंगरगढ़ ब्लाक के समाजिक पदाधिकारी व सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में जिपं सदस्य शीला टाकेश सिन्हा ने उठाई सड़क और नाली निर्माण की मांग



राजनांदगांव(दावा)। सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 की सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा। उन्होंने गठुला से तुमड़ीलेवा नाला तक सड़क निर्माण कार्य तथा राजनांदगांव-खैरागढ़ मार्ग में गांवों के भीतर सड़क किनारे नाली निर्माण कराने की मांग प्रमुखता से उठाई।

श्रीमती सिन्हा ने आवेदन में बताया कि, ग्राम गठुला से तुमड़ीलेवा तक डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बाद ग्राम गठुला से भेड़ीकला तक पुराने सड़क को उखाड़ दिया गया, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। सड़क उखड़े होने के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों, किसानों और आम ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह गड्ढे और धूल के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों में निर्माण कार्य बंद होने को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सड़क निर्माण कार्य को तत्काल पुनः प्रारंभ कर शीघ्र पूरा कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही शीला टाकेश सिन्हा ने राजनांदगांव से खैरागढ़ निर्माणाधीन मुख्य मार्ग में ग्राम बोरी, तिलई एवं पदुमतरा के अंदर सड़क किनारे नाली निर्माण कराने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि, इन गांवों में नाली निर्माण स्वीकृत नहीं होने के कारण पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। बरसात के दिनों में जलभराव और कीचड़ की समस्या से ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गांवों के अंदर सड़क किनारे नाली निर्माण की स्वीकृति देकर जल्द निर्माण कार्य कराया जाए ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिल सके।

श्रीमती सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से सड़क और नाली निर्माण की मांग कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुशासन तिहार में आवेदन देकर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि, प्रशासन जल्द कार्रवाई कर अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराएगा।

# गोण्डवाना भवन गौरी नगर में आदिवासी समाज के महापुरूषों के प्रतिमा का किया गया अनावरण

**परिसर में भगवान बिरसा मुण्डा, शहीद गुण्डाधुर, वीर नारायण सिंह, पहंदीपारी कुपार लिंगो आदि विभूतियों के मूर्ति की स्थापना की**




राजनांदगांव (दावा)। गोण्डवाना समाज द्वारा रविवार 24 मई को गोण्डवाना सामुदायिक भवन गौरीनगर में आयोजित भव्य एवं विशाल कार्यक्रम के अवसर पर आदिवासी समाज के महापुरूष एवं आराध्य देवी-देवता भगवान बिरसा मुण्डा, शहीद गुण्डाधुर, वीर नारायण सिंह, पहंदीपारी कुपार लिंगो, जंगो जैतार माता आदि विभूतियों के मूर्ति का अनावरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि, गोण्डवाना गोंड महासभा महिला प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नेताम के नेतृत्व में गोण्डवाना सामुदायिक भवन गौरीनगर में समाज के इन आराध्य देवी-देवताओं एवं महापुरूषों के मूर्ति की स्थापना होने से समूचे परिसर में आदिवासी महापुरूषों की जीवंत झांकी चित्रित हो रहा है। इस भव्य एवं गरिमामय समारोह में गोण्डवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सिंह नेताम, कार्यकारी अध्यक्ष भूवन सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, विनोद नागवंशी, बीएस रावटे, जीवराखन मरई, गोण्डवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक चंद्रेश ठाकुर, श्रीमती सुमन नेताम, श्रीमती उर्मिला मार्को, अनिता नेताम, संतोष कुंजाम एवं राहुल नेताम सहित बड़ी संख्या में समाज प्रमुखों महिला एवं युवा प्रभाग के सदस्यों के अलाव गोंडवाना समाज के लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि, इस अवसर पर समाज के देव पूजारियों एवं समाज प्रमुखों के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर समाज के महापुरूषों की मूर्ति की स्थापना की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सिंह नेताम ने गोंड़ समाज राजनांदगांव द्वारा मूर्ति स्थापना के कार्यों की सराहना करते हुए सामाजिक जनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रांताध्यक्ष अकबर राम कोर्राम ने समाज के समसामयिक परिस्थिति पर सारगर्भित विचार व्यक्त किया। गोण्डवाना गोंड़ महासभा महिला प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नेताम ने आदिवासी समाज के इन सभी विभूतियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के संबंध में रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारियां दी। गोण्डवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक चंद्रेश ठाकुर ने आदिवासी समाज के गौरवशाली विरासत एवं इतिहास के संबंध में सारगर्भित एवं प्रेरणास्पद जानकारियां दी। श्री ठाकुर ने समाज के विकास के लिए संगठन, शिक्षा, आपसी सद्भाव एवं सहयोग, मद्य निषेध, व्यापार, व्यवसाय में भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताते हुए इस दिशा में प्रमुखता से कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि, भले हम सभी एक समय खाना मत खाएं लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं। श्री ठाकुर ने नशापान को समाज के विनाश का जड़ बताते हुए स्वजातीय जनों से इस बुराई से सर्वथा दूर रहने की अपील की। समारोह को संतोष नेताम, विनोद नागवंशी आदि समाज प्रमुखों ने भी संबोधित करते हुए रोचक एवं ज्ञानवर्धक ढंग से समाज के समसामयिक विषयों पर प्रकाश डाला।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगर निगम में कार्यशाला आयोजित



स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है, यह हर घर संदेश पहुँचाना है-महापौर

राजनांदगांव(दावा)। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज निगम सभागृह में महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में पार्षदों के लिए कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में अपने वार्ड के प्रत्येक नागरिक को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के क्रियान्वयन में समग्र रूप से सम्मलित करने प्रोजेक्टर के माध्यम से नियमो की जानकारी दी गयी।

विशेष रूप से 4 श्रेणी में कचरा पृथककरण के बारे में बताया गया कि, गीला कचरा हरा डिब्बा में, सूखा कचरा नीला डिब्बा मे इसके अलावा डायपर, सेनेटरी, नेपकीन व स्वास्थ्य संबंधी अपशिष्ठ लाल डिब्बे में तथा दवाईयाँ, इलेक्ट्रानिक समान, पेन्ट, कीटनाशक एवं रसायन जैसे घरेलू खतरनाक अपशिष्ट बैगनी डिब्बे में अलग-अलग रखना आवश्यक है।

कार्यशाला में पार्षदों को जानकारी दी गयी कि, अपने घरों से ही कचरा पृथककरण कर स्वच्छता दीदीयों को अलग-अलग देने सहयोग करने वार्डवासियों को बताये, ताकि कचरे का वैज्ञानिक एवं सही तरीके से प्रबंधन किया जा सके। इसके साथ ही जन जागरूकता के लिए रैली, दीवाल लेखन, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम, श्रमदान, घर-घर सम्पर्क अभियान, सोशल मिडिया के माध्यम से प्रचार आदि कार्य किया जाना है। महापौर श्री यादव ने कहा कि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का प्रमुख उद्देश्य कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करना है। इस कार्य के लिए आप सबका सहयोग अपेक्षित है और बिना जनभागीदारी के स्वच्छता अभियान सफल नही होगा। उन्होंने कहा कि, स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है, यह संदेश हम सबको हर घर में पहुँचाना है। वार्डवासियों को अपने अपने वार्ड में वार्डवासियों को घर में ही गीला सुखा कचरा अलग-अलग रख स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस देना है।

# पर्यटन के जरिए नई पहचान गढ़ेगा छत्तीसगढ़, टाटा समूह की ताज होटल्स कंपनी करेगी 500 करोड़ से अधिक का निवेश



- छत्तीसगढ़ की वास्तविक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि को दुनिया के सामने लाना हमारा उद्देश्य- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय
- हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे - मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश को मिल रही नई गति
- 500 करोड़ रुपये से अधिक निवेश के साथ छत्तीसगढ़ के पर्यटन क्षेत्र में नई संभावनाएं, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश को लेकर इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने दिखाई रुचि

**रायपुर(दावा)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अब देश के पर्यटन मानचित्र पर अपनी नई पहचान गढ़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिलने, निवेश अनुकूल नीतियों और राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण प्रदेश में पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की संभावनाएं लगातार मजबूत हो रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपने निवास कार्यालय में पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटक सुविधाओं के विकास एवं विस्तार तथा हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में शामिल हुए। बैठक में देश की प्रतिष्ठित इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधियों सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा कि, छत्तीसगढ़ उत्तर से दक्षिण तक नैसर्गिक विरासत की अमूल्य धरा है, जहां नदियां, पहाड़, घने जंगल, जलप्रपात, समृद्ध आदिवासी संस्कृति और जनजातीय परंपराएं छत्तीसगढ़ को विशिष्ट पहचान प्रदान करती हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, राज्य सरकार का उद्देश्य दुनिया को छत्तीसगढ़ की वास्तविक सुंदरता, सांस्कृतिक समृद्धि और प्राकृतिक विविधता से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिए जाने से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की संभावनाएं तेजी से बढ़ी हैं और पर्यटकों के लिए बेहतर ठहराव, परिवहन तथा आधुनिक सुविधाओं के विकास के माध्यम से छत्तीसगढ़ को आकर्षक पर्यटन गंतव्य बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, राज्य में लगातार निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं और इसी क्रम में इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताई गई है, जो प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के निवेश से पर्यटन अधोसंरचना मजबूत होगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे। बैठक के दौरान इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष अपने निवेश प्रस्ताव के महत्वपूर्ण बिंदु साझा किए और बताया कि, कंपनी छत्तीसगढ़ में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में लगभग 500 करोड़ रुपये से अधिक निवेश की योजना पर कार्य कर रही है, जिसे शीघ्र आगे बढ़ाया जाएगा। कंपनी के प्रतिनिधियों ने कहा कि, इस निवेश से प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना मजबूत होगी और रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि, राज्य सरकार ने निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है तथा सभी आवश्यक अनुमतियों की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि, पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिलने के बाद हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश के रास्ते व्यापक रूप से खुले हैं। राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को आधुनिक अधोसंरचना, उच्चस्तरीय सुविधाओं और निवेश प्रोत्साहन नीतियों के माध्यम से विकसित करने की दिशा में विशेष पहल कर रही है। प्रदेश की बेहतर मानसूनी परिस्थितियां, समृद्ध प्राकृतिक संपदा और निवेश अनुकूल नीति पर्यटन विकास के लिए मजबूत आधार तैयार कर रही हैं। बैठक में उद्योग विभाग के अधिकारियों ने निवेश प्रोत्साहन नीति तथा उपलब्ध इंसेंटिव्स की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि, यदि कोई निवेशक 500 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करता है अथवा 1000 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है, तो उसे 'बी-स्पोक पॉलिसी' के तहत अतिरिक्त प्रोत्साहन एवं विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत संरचना, सड़क संपर्क, आवासीय सुविधाओं तथा पर्यटक सेवाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, वित्त सचिव डॉ. रोहित यादव, निवेश आयुक्त ऋतु सेन, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, उद्योग सचिव रजत कुमार, पर्यटन विभाग सचिव डॉ. एस. भारतीदासन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# घुमका में भाजपा के पक्ष में बन रहा जबरदस्त माहौल, किरण वर्मा की जीत तय - मधुसूदन यादव



घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के चुनाव संयोजक, पूर्व सांसद, महापौर एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मधुसूदन यादव लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क, बैठकें एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। भीषण गर्मी और व्यस्त राजनीतिक कार्यक्रमों के बावजूद भाजपा नेता लगातार वार्डों एवं मोहल्लों में पहुंचकर जनता से सीधा संपर्क कर रहे हैं।

इस दौरान भाजपा की नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी किरण वर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए मधुसूदन यादव ने कहा कि घुमका के विकास, स्वच्छ प्रशासन और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए भाजपा की जीत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है और नगर पंचायत घुमका में भी विकास की नई दिशा भाजपा ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा को जनता का भरपूर समर्थन एवं आशीर्वाद मिल रहा है। महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों में भाजपा के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। जनता अब विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुकी है। मधुसूदन यादव ने दावा किया कि नगर पंचायत घुमका में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और अध्यक्ष पद सहित अधिकांश वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास के बल पर भाजपा का विजय रथ लगातार आगे बढ़ रहा है।

श्री यादव ने आगे कहा कि भाजपा की जीत इसलिए भी सुनिश्चित और सुरक्षित महसूस होती है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा जमीन से जुड़े मुद्दों, आम जनता की तकलीफों और मूलभूत आवश्यकताओं को प्रत्यक्ष रूप से महसूस कर कार्य किया है। भाजपा ने देश और प्रदेश में विकास का एक मजबूत मॉडल स्थापित किया है। जिसके माध्यम से आम नागरिकों तक उनकी मौलिक जरूरतों को योजनाओं के जरिए पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने सीधे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। अमृत जल मिशन के तहत घर-घर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को पंप कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को आवास एवं स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया। भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता, किसानों के लिए सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली सुविधा, 3100 रूपए प्रति क्विंटल (21 क्विंटल)धान खरीदी, महतारी वंदन योजना, लखपति दीदी योजना एवं महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण जैसे अनेक कार्यों ने भाजपा को जनता के दिलों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि आज आम जनता भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास जता रही है तथा नगर पंचायत घुमका में भी भाजपा के पक्ष में मजबूत जनसमर्थन दिखाई दे रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी घर-घर पहुंचकर पार्टी की रीति-नीति एवं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाई तथा भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

# घुमका के स्वाभिमान को कांग्रेस खरीदने की नाकाम कोशिश कर रही - कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने घुमका चुनाव में कांग्रेस द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन के लिए दिए जा रहे चद्दर, साड़ी एवं अन्य सामग्री के वितरण की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि चुनाव में कांग्रेस मुद्दों से भटक चुकी है और घुमका के मतदाता समझदार है। उन्हें कोई सामग्री नहीं बल्कि घुमका का विकास चाहिए और मतदाता भलीभांति जानते हैं कि जिसकी सरकार होगी उन्हें सत्ता में अवसर देने से घुमका का सर्वांगीण विकास होगा, इसलिए यहां के मतदाताओं ने भाजपा के साथ जाने की मानसिकता बना दी है। जिससे बौखला कर कांग्रेस की अध्यक्ष उम्मीदवार द्वारा मतदाताओं के लिए प्रलोभन की राशि एवं सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

श्री राजपूत ने कहा कि वह भलीभांति जानते हैं कि घुमका के मतदाता स्वाभिमानी है और अपने क्षेत्र का हित जानते हैं। उनके स्वाभिमान को खरीदना असंभव है। श्री राजपूत ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही भ्रष्टाचार और प्रलोभन की राजनीतिक करती है। अवैध निर्माण और जमीनों पर कब्जा करना उसकी फितरत रही है। जबकि भाजपा सत्ता में आते ही अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू करती है। सच्चाई के साथ जनता की सेवा में,बिना भेदभाव के भाजपा विकास के कार्य करती है, इसलिए देश हित में भाजपा लोगों की पहली पसंद है। श्री राजपूत ने कहा कि 1 जून को होने वाले नगर पंचायत के चुनाव में घुमका की जनता घुमका के विकास पर मोहर लगाकर कांग्रेस के काले चेहरे को बेनकाब कर देगी।

# विकास में बाधा, बोली-बचन बस ज्यादा यही भाजपा का चरित्र : कांग्रेस



**पराजय के भय से 8 करोड़ के विनाश को बता रहे विकास**

राजनांदगांव (दावा)। नगर पंचायत घुमका के चुनाव में तय पराजय से भयभीत भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र को कांग्रेस नेताओं ने जहां झूठ का पुलिंदा करार देते हुए इसे विकास में बाधा का भी प्रमाण बताते हुए मप्र व छग के पूर्व मंत्री धनेश पाटीला के मार्गदर्शन में विधायक हर्षिता बघेल एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष किशन खंडेलवाल प्रदेश महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे वार्ड प्रभारी जिला कांग्रेस महामंत्री हनी ग्रेवाल, पंकज बांधव, उपाध्यक्ष मन्ना यादव, हेमू सोनी, युवा नेता राहुल देवांगन आदि वार्ड के मतदाताओं से जीवन संपर्क कर भाजपा की महंगाई, खाद, बीज, महतारी वंदन के नाम पर छल को उजागर करते हुए आम जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया घुमका नगर पंचायत के निर्माण और विकास में बाधा पहुंचाने का काम बीजेपी करती रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने घुमका के भेंट मुलाकात में घुमका को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने नगर पंचायत की घोषणा कर 9 अक्टूबर 2023 को राजपत्र में प्रकाशित कराया, लेकिन भाजपा सरकार आते ही इसे दबा कर पंचायत चुनाव में घुमका को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 के रूप में शामिल कर परिसीमन कर दिया गया। कांग्रेस के मजबूत विरोध के चलते भाजपा सरकार को घुमका को पंचायत परिसीमन से अलग कर नगर पंचायत मान्य करने पर विवश हुई, लेकिन विकास पर बाधा पहुंचाने की साजिश कायम रही। जिसका प्रमाण गोपालपुर सड़क निर्माण स्वीकृति के बाद रोका गया। घुमका में सीएसईबी के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय को सोमनी ले गए। ढ़ाई साल के कार्यकाल की कोई उपलब्धि भाजपा की नहीं है। मात्र 8 करोड़ की राशि का दुरुपयोग हुई। क्योंकि विकास सामान्य जनता को भी नजर नहीं आ रहा है। अब हार की सुनिश्चिता से थोथा संकल्प पत्र रूपी बैसाखी से सत्ता का दुरुपयोग कर नगर पंचायत चुनाव की बैतरणी पार करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

# खनिज विभाग की कार्रवाई : रेत का अवैध परिवहन करने पर 3 हाईवा जप्त





राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा डोंगरगांव, बरगांव, मटिया, सुरगी, सोमनी, तुमड़ीबोड़, सुकुलदैहान, डुमरडीहकला सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप में रेत खनिज का परिवहन करने पर 3 हाईवा को जप्त किया गया। इसके तहत ग्राम बेलगांव निवासी लेखराम साहू के स्वामित्व के हाईवा सीजी 07 सीएन 9026 से वाहन चालक रोशन साहू द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना तुमड़ीबोड़ को सुपुर्द किया गया। इसी तरह गठुला निवासी लोमेश देवांगन के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 बीएफ 4572 से वाहन चालक धनसिंग कंवर एवं ग्राम मुसराकला निवासी उत्तम साहू के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 एजेड 4197 से वाहन चालक हुमेश वर्मा द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना सुकुलदैहान को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

# घुमका नगर पंचायत मे रिकार्ड जीत दर्ज करेगी भाजपा - राजेश श्यामकर



**नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी किरण वर्मा को मिल रहा आशीर्वाद**

**राजनांदगांव (दावा)।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर को भाजपा संगठन ने अहम जिम्मेदारी सौंपी है। आज उन्होंने नगर भ्रमण कर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा के लिए प्रचार कर वोट मांग कर आशीर्वाद लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने आज घुमका के वार्डो मे घर-घर दस्तक देकर सरकार के रीती नीति जनहितकारी सोच एवं पार्टी की विचारधारा सहित केंद्र के मोदी सरकार व राज्य के विष्णुदेव साय के योजनाओं को बताया जा रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने कहा की घुमका नगर पंचायत की जनता ने भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा को घुमका नगर की जिम्मेदारी सौंपने मन बना लिया है। यहां के जनता से भाजपा को आशीर्वाद मिल रहा है। डोर-टू-डोर जनसंपर्क करते राजेश श्यामकर ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी किरण वर्मा के लिए वोट मंगते हुए जनता से अपील कर रहे है। घुमका नगर मे ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर घुमका का विकास तेजी से होगा।

# आज व कल घुमका में भाजपा का मेगा शो : अनुज शर्मा, संतोष पाडे, अरुण साव और अभिषेक सिंह की होंगी महती सभाएं



घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका के चुनावी समर में अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) खंदक की लड़ाई के लिए पूरी तरह कमर कसकर मैदान में उतर चुकी है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा व सभी 15 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए पार्टी द्वारा योजनाबद्ध ढंग से अभियान को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसी कड़ी में आगामी दो दिनों तक घुमका में भाजपा का मेगा शो होने जा रहा है। जिसमें प्रदेश के कई दिग्गज नेता आमसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, चुनावी प्रचार को धार देने के लिए 29 मई को शाम 4:30 बजे स्थानीय बाजार चौक घुमका में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। इस सभा में छालीवुड के लोकप्रिय अभिनेता व विधायक अनुज शर्मा तथा क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहकर जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे।

प्रचार के दूसरे दिन यानी 30 मई को शाम 5 बजे बाजार चौक घुमका में ही एक और महती जनसभा आयोजित की गई है। इस सभा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और पूर्व क्षेत्रीय सांसद अभिषेक सिंह हुंकार भरेंगे। दिग्गजों के इस लगातार दौरे से घुमका का सियासी पारा पूरी तरह गरमा गया है। घुमका नगर पंचायत चुनाव के संयोजक व पूर्व सांसद/महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डिकेश साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि पार्टी ने उक्त दोनों ही महती सभाओं की प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक जमीनी कार्यकर्ता इस चुनाव में अपनी सक्रिय और अग्रिम भूमिका निभा रहा है। पार्टी इन सभाओं के माध्यम से अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रही है।

# बाजार में आया गर्मी का दुश्मन लीची फल, हाथों-हाथ हो रहा उठाव, आम और तरबूज-खरबूज की भी बढ़ी मांग



**स्वाद और सेहत : 250 किलो तक बिकने के बावजूद लीची की भारी डिमांड, फलों का राजा आम बिखेर रहा अपनी छटा**

**राजनांदगांव (दावा)।** नवतपा की गर्मी जैसे- जैसे बढ़ती जा रही है। शरीर में पानी की कमी की पूर्ति करने वाले फलों की मांग में इजाफा होते जा रहा है। इन दिनों गर्मी का दुश्मन कहे जाने वाला फल लीची का बाजार सर्वाधिक गर्म हैं। बाजार में वह 220 से 250 रुपए किलो तक बिक रहा है। मंहगी होने के बाद भी शरीर को शीतल प्रदान करने वाले स्वादिष्ट लीची फल की हाथों-हाथ बिक्री हो रही है। भारत माता चौक में प्रायः लीची फल का ठेला लगाने वाले फल व्यवसायी रामजी के सुपुत्र प्रकाश ने बताया कि गर्मी के दिनों में इसकी अच्छी खपत होती है। इसलिए लिची फल को भिलाई से मंगवाते हैं। बाजार में तिरंगा चौक, भारत माता चौक से लेकर जयस्तंभ चौक व अन्य प्रमुख लाइनो में लीची फल ठेले में सजाए हुए आवाज लगाते व्यवसाई देखे जा सकते हैं।

### फलों का राजा आम की शान बरकरार

गर्मी के दिनों में लोगों को आम सबसे ज्यादा पसंद आते हैं। रसदार व मीठे आम की तरह पानीदार फल तरबूज खरबूज भी गर्मी में ज्यादा पसंद किए जाते हैं। फलों का राजा आम के बाजार में जमकर डिमांड बनी होने से यह भी हाथों हाथ बिक रहा है। बाजार में खुज्जी का लंगड़ा आम के अलावा तोता पल्ली, बैगन पल्ली, चौसा आम, कलमी आम, दशहरी आम, सुंदरी, केसर आदि आम की आज भी शान बनी हुई है वहीं छोटे-छोटे चूसने वाले रसाल आम की भी माग बाजार में देखी जा रही है। बहरहाल बाजार में आम के दाम बढ़े हुए हैं। उड़ीसा के लंगड़े आम की कीमत 70 से 80 रुपए किलो बनी हुई है। वहीं दशहरी आम 120 रुपए किलो, केसर आम 140 रुपए तो सुंदरी आम 140 से 160 रुपए किलो बिक रहा है। इसी तरह बैगन पल्ली आम 120 रुपए तथा कलमी आम व चूसने वाले रसदार छोटे आम इससे कम कीमत में बिक रहा है। फल व्यापारियों की मानें तो लंगड़ा और चौसा जैसे देर से पकने वाली प्रजातियों के लिए इंतजार करना पड़ता है। इसकी डिमांड छत्तीसगढ़ के बाहर और विदेश दुबई, कतर आदि देशों में सबसे अधिक होने के कारण यह जल्दी बिक जाता है।

### खुज्जी के लंगड़े आम का इंतजार

बता दें कि जिले के खुज्जी के मशहूर लंगड़ा आम जो 100 वर्षों से रजवाड़े के समय से उगाया जा रहा है। बाजार में इसकी अभी आवक नहीं बनी हुई है। आमतौर पर यह जून के दूसरे सप्ताह बाद बाजार में आता है। लोगों को खुज्जी के मीठे लंगड़े आम की शिद्दत से इंतजार बना हुआ है। पानी दार फल तरबूज और खरबूज बाजार में सस्ते बिक रहें हैं। 25 रुपए किलो तक बिक रहा तरबूज अब 10 रुपए में बिकने लगा है। बीच में तरबूज खाने से कुछ लोगों की तबीयत खराब होने की वजह से इस बार लोग इसे खरीदने से हिचक रहे हैं। इसके बाद भी इसके पानी दार और मीठा होने के कारण इसे खरीदा जा रहा हैं।

हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

आवश्यकता है
AB फाइनेंस सर्विस
टेली कॉलिंग के लिए 2 पद लड़कियों के लिए।
वेतन 5000/- से 8000/-
- संपर्क करें -
पता-दिग्विजय कॉलेज रोड गोपी बर्तन दुकान के पास, राजनांदगांव
मो. 8962993342

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़
जिला -खैरागढ़-छुईखदान, गंडई, (छ.ग.) 491881

प्रवेश सूचना (ऑफ़लाइन मोड)

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा चौथी, ग्यारहवीं (वाणिज्य) (सभी सेवा श्रेणी के अभिभावकों के लिए), कक्षा दसवीं, बारहवीं (विज्ञान) एवं बारहवीं (वाणिज्य) (कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में सिर्फ सेवा श्रेणी- 1 एवं 2 के अभिभावकों के लिए) में कुछ स्थान रिक्त हैं। इच्छुक अभिभावक विद्यालय कार्यालयीन दिवसों में दिनांक 29.05.2026 से 10.06.2026 तक प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक पंजीयन फॉर्म प्राप्त कर एवं इसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ पूर्ण रूप से भरकर उक्त तिथियों एवं समय के मध्य कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

प्रवेश पूर्णतया केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.), नई दिल्ली की प्रवेश मार्गदर्शिका 2026-27 के अनुसार दिया जाएगा एवं रिक्तियां घट या बढ़ सकती हैं।

प्राचार्य

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com